एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी RPR663P00052 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती LAXMIKANT PANIGRAHI पिता/पति श्री/श्रीमती MURLIDHAR PANIGRAHI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KEHAR ISNGH THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती RAVI SINGH THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./22848/न.पा.नि./जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 22/07/2025

### // इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 22848
वार्ड का नाम-61- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी RPR663S00308 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती LALITA DEVI LUNIYA पिता/पति श्री/श्रीमती VINAY LUNIYA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SAVITA MAHALI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O FATIK CHAND MAHALI ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दि

न के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

**LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING**
Block-C Leelas Knowledge Park, Gram Motipur, Patan Durg (C.G.)
Email Id: support@leelasgroup.com I Info@leelasgroup.com

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh Uparwara, Naya Raipur

**Application are invited for following posts under statue-16**

| S.No. | Name of the post | No. of post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Principal Cum Professor | 01 | M.Sc.(N) having total 15 years Experience with M.Sc (N) out of which 10 years after M.Sc (N) in Collegiate Programme. Ph.D.(N) Desirable. |
| 02. | Vice Principal Cum Professor | 01 | M.Sc.(N) having total 12 years Experience with M.Sc (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc (N) Ph.D.(N) Desirable |
| 03. | Associate Professor | 02 | M.Sc. (N) with total 8 years Experience including 5 years teaching Experience. Ph.D.(N) Desirable. |
| 04. | Assistant Professor | 03 | M.Sc. (N) with total 3 years Teaching Experience. Ph.D.(N) Desirable |
| 05. | Tutor | 07 | M.Sc.(N) Or B.Sc. (N)/P.B.B.Sc. (N) with 1 year Experience |

**Other terms and conditions:-**
Teaching experience & age limit : As Per Indian Nursing Council, New Delhi Norms
Pay scale : As per UGC scale/ State Govt. Pay Scale
Reservation : As per state Govt. Norms

**Selection criteria:** Selection will decide on merit, merit list will be prepared on the basis of Academic Marks, Educational Qualification, interview, experience and academic contribution of candidate in various field like.

- Number of paper publication in various national/international journals.
- Paper presentation in conferences
- Total No. conferences attended.

**Last date of receipt of application: - within 15 Days from publication of advertisement.**

In-charge Registrar

# त्योहारी सीजन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने चलाया जांच अभियान





**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को दिए निर्देश

आगामी दिनों में रक्षाबंधन सहित कई त्यौहार आने वाले हैं। त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन को निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है और लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में सिमगा एवं भाटापारा के कई दुकानों में भी खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल का निरीक्षण किया गया। सिमगा स्थित बालाजी जोधपुर स्वीट्स से खोवा कतली एवं कृष्णा डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया ।जांच के दौरान भाटापारा के ट्रांसपोर्ट ऑफिस एवं गैराज का भी निरीक्षण कर रिकॉर्ड खंगाला गया कि कोई अमानक या नियम विरुद्ध खाद्य पदार्थों का परिवहन तो नहीं हो रहा।

जांच टीम के द्वारा बिना पक्का बिल व रसीद के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों का ट्रांसपोर्ट नहीं करने की हिदायत दी गई है।

# अपराध डायरी

## मंदिर की दान पेटी से 8 हजार, बाइक भी पार

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

रायपुरा स्थित सुंदरम विहार कॉलोनी में श्री सुंदरेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत राव कामडे ने बताया कि अज्ञात चोर ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी लगभग 8,000 रूपए को चोरी कर ले गया ।मंदिर के व्यवस्थापक सुरेन्द्र डोरले ने बताया कि 19 जुलाई की रात 10 बजे मंदिर का ताला लगाकर वे घर चले गए थे। 20 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे जब वे मंदिर खोलने पहुंचे तो देखा कि गेट का ताला ताला भी टूटा हुआ था और उसमें रखे रूपए गायब थे। पुलिस ने शिकायत मिलने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ 331-4, 305 ए का अपराध दर्ज किया है।

## पति-पत्नी की हत्या का खुलासा, गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर ने दंपति को उतारा था मौत के घाट

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

राजधानी रायपुर के अभनपुर में बीते दिनों दंपत्ति हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पति पत्नी की हत्या कर करने वाला गांव का ही राकेश कुमार बारले है , जो पेशे से झोलाछाप डॉक्टर है और दवाई दुकान संचालित करता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिरोदा का है।

दरअसल प्रार्थी ईश्वर साहू निवासी ग्राम बिरोदा थाना अभनपुर रायपुर ने दिनांक 16.07.25 को थाना अभनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के गोडपारा बिरोदा निवासी भुखन ध्रुव अपने घर के कमरे के खाट पर एवं उसकी पत्नी रूखमणी ध्रुव शयन कक्ष के दरवाजा के पास मृत अवस्था में पडे है। दोनों के गले में गंभीर चोट था एवं शव लहु लुहान था, दोनों के चोट को देखने से प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी धारदार हथियार से हत्या करने के नियत से प्राण घातक चोट पहुंचाकर गला रेतकर दोनों की हत्या



कर दिया गया था, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 265/25 धारा 103 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया ।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की 05 अलग ङ्क अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वयं अन्य पुलिस अधिकारियों सहित टीम के सदस्यों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही घटना स्थल को सुरक्षित कराया गया। हत्या के सभी पहलुओं का बारिकी से निरीक्षण व जांच प्रारंभ करते हुये फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड की मदद लेकर प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से पूछताछ करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा मृतक बुजुर्ग दंपत्ति आने-जाने वाले व्यक्तियों सहित आसपास के लोगों सहित लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों का पृथक मोबाईल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही अभनपुर से लेकर सरहदी जिलों के थाना क्षेत्रों में लगे सैकड़ो सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों को खंगाला गया तथा मुखबीर लगाये गये।

## नशा करने राहगीर से लूट, मारपीट भी

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

राजधानी के अलग-अलग थाना इलाकों में मारपीट के प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें बीच बचाव करने पर दो पक्षों में विवाद, बाइक सवार से जबरन मारपीट, और शराब के लिए पैसा नहीं देने पर हाथ मुक्का डण्डा और हेलमेट से हमला हो गया। सिविल लाइन निवासी त्रितलोकी चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है, कि 21 जुलाई को शाम 4 बजे जब वह अपने घर के सामने खड़ा था। तभी रोहित और राजा दिलीप प्रजापति के साथ मारपीट कर रहे थे। जिसे त्रितलोकी के मना करने पर उसके साथ गाली-गलौज कर डंडे और मुक्कों से मारपीट की ।झगड़े में बीच-बचाव करने आए उनके बेटे अमित चौहान को भी पीटा । इस हमले में त्रितलोकी के गले में चोटें आई हैं। साथ ही लड़कों ने बाइक की चाबी से हमला कर चोट पहुंचाया। उधर पचपेडी नाका के पास कल बाइक सवार पर हमला हो गया। लड़कों ने बाइक सवार के साथ हेलमेट से मारपीट की। प्रियदर्शनी नगर, टिकरापारा निवासी मोहम्मद साबिर खान ने शिकायत की है कि जब वे नवजीवन सोसायटी की ओर जा रहे थे, तो पचपेडी नाका के पास एक बाइक सवार सीजी07सीजी1358के चालक ने उन्हें रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हेलमेट से हमला कर दिया।

उधर गोल बाजार थाना इलाके में शराब के लिए पैसा की मांग को लेकर मोहम्मद सरफराज के साथ दो बार जानलेवा हमले और चैन लूटने का प्रयास हुआ है। इसकी रिपोर्ट सरफराज ने गालबाजार थाना में दर्ज कराई कि 6 जुलाई को सुबह 8:30 बजे जब था, तभी तात्यापारा के पास नदिम, मोसिन और शहरूख ने रास्ता रोककर पैसे की मांग की और मना करने पर गाली-गलौज व मारपीट की। युवकों ने लोहे की रॉड से हमला प्रयास भी किया। सरफराज वहां से किसी तरह जान बचाकर भागा। फिर उसी दिन शाम ने शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध 296, 351(2), 115(2), 119(1), 126(1), 3(5) का मामला दर्ज कर जांच शुरू ।

# छत्तीसगढ़ की सड़कें जर्ज़र, कमीशनखोरी मुख्य वजह - गोपाल साहू

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ की सड़कों के जर्जर स्थिति पर कहा कि छत्तीसगढ़ में हाईवे सहित सभी मुख्य सड़कों की जर्जर हालत गंभीर समस्या बन चुकी है। कई राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह और उचित मरम्मत की कमी से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले हाईवे भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

मुख्य सड़कों पर अव्यवस्था और रोशनी की कमी,हाईवे पर खराब सड़क,अंधेरा,गाय-कुत्ता आदि के कारण ज्यादातर दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। और हर साल हजारों लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो रही है। सरकार का ठेकेदारों पर कोई लगाम नहीं है और अधिकारी अपने कमिशन के चक्कर में सड़क





की गुणवत्ता भी चेक नहीं करते हैं और निर्माण कार्य की सही जांच और जिम्मेदारी तय नहीं होती। साय सरकार घोषणाओं की सरकार है भाजपा अच्छी सड़कें सिर्फ कागज़ी घोषणाओं व बजट दिखाकर जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि ज़मीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा।

प्रदेश महासचिव (मीडिया,सोशल मीडिया,मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2023 में 13,468 दुर्घटनाएँ हुई जिसमें 6,166 मौतें हुई और 11,723 घायल हुए वहीं वर्ष 2024 में 14,853 दुर्घटनाएँ हुई जिसमें 6,752 मौतें हुई और 12,573 लोग घायल हुए। 2024 में प्रति दिन औसतन लगभग 40 दुर्घटनाएँ हो रही थीं, जिसमें 19 लोगों की मृत्यु होती थी। 2022 में हादसों का 82 हिस्सा ओवरस्पीडिंग या रॉन्ग साइड ड्राइविंग से जुड़ा था। दो-पहिया वाहनों में हेलमेट न पहनने से मौतों का जोखिम भी बढ़ा है हेलमेट पर हाईवे में सख्त नियम होने चाहिए।



# नंबर प्लेट लगवान 1 दिवसीय रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

श्री विश्वकर्मा समाज रायपुर एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वाधान मे HSRP नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन का आयोजन दुलार धर्मशाला में किया गया। हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने हेतु प्रथम चरण में 1 दिवसीय रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन आज दिनांक 22 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे दुलार धर्मशाला बढ़ईपारा रायपुर में आयोजिया किया गया। तात्यापारा पारा वार्ड की पार्षद एवं जोन क्र.7 की अध्यक्ष

# कांग्रेस केवल ढकोसले और दिखावे की राजनीति कर रही- अनुज

## कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी फ्लॉप, छत्तीसगढ़ की जनता ने भूपेश बघेल को दिखाया आईना

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए आर्थिक नाकेबंदी को फ्लॉप बताते हुए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस अब केवल ढकोसले की राजनीति कर रही है. जिन लोगों ने सत्ता में रहते हुए छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया, वे आज सच्चाई सामने आने पर बौखलाहट में सड़क पर उतरे हैं, भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने अपने पाँच साल के शासनकाल में कोयला, रेत, शराब, धान, डीएमएफ,लोहा और तो और गोबर जैसे कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया. कांग्रेस पार्टी 5 सालों में सिर्फ और सिर्फ राज्य की संपत्तियों को लूटने का कार्य किया हैं. आज जब इन घोटालों की सच्चाई सामने आ रही है और तत्कालीन सरकार के मंत्री और अधिकारी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं, तब कांग्रेस आंदोलन कर रही है7 पहली बार देखा जा रहा है कांग्रेस पार्टी ने आरोपी के समर्थन में नाकेबंदी की,पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल पर 1000 करोड़ का हेराफेरी करने का आरोप है. वह कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी नहीं है और उसके साथ पार्टी खड़ी है.



दूसरे नेता जेल गए, उसकी समर्थन में ऐसा प्रदर्शन नहीं हुआ. कांग्रेस भ्रष्टाचारियों के पक्ष में आर्थिक नाकाबंदी करके निर्दोष आम जनता को सजा देने का षड्यंत्र किया गया था। कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी पूरी तरह फ्लाप रही,आर्थिक नाकेबंदी को छत्तीसगढ़ की जनता ने नकार दिया है, भ्रष्टाचारियों का जनता समर्थन नहीं करती है,ये दिवालियापन का इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता7 हम सभी संगठनों और छत्तीसगढ़ की जनता का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों का विरोध कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

# बी.एस.सी. (कृषि) की रिक्त सीटें 12वीं परिणाम के आधार पर भरी जाएंगी

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत



संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में द्वितीय चरण की काउंसलिंग (स्पॉट काउंसलिंग) के पश्चात रिक्त सीटों पर 12वीं परीक्षा के परिणामों के में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस अवधि में पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के तहत प्रावीण्यता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

# 'प्रोजेक्ट दक्ष' से अधिकारी बन रहे टेक्नोलॉजी फ्रेंडली

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

प्रोजेक्ट दक्ष- हम होंगे स्मार्टफ़ अब एक नई दिशा और पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में इस परियोजना के माध्यम से जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। प्रोजेक्ट दक्ष के अंतर्गत आज शिक्षा विभाग के हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी के प्राचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया 7



इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट, ईमेल और MS Office जैसे उपयोगी टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

मास्टर ट्रेनर्स की मदद से यह प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से कलेक्टोरेट स्थित बीपीओ सेंटर मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन दो पाली में 25-25 बैच में प्रशिक्षण दिया रहा है। जिसमें ऑन-हैंड प्रैक्टिकल सेशन शामिल हैं। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाएगा और सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

## शोषण के खिलाफ लड़ने के काम सान्याल के संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प

# श्रमिक नेता . बी. सान्याल की पार्थिव देह जे एन एम मेडिकल कॉलेज को की गई दान

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

बीमा कर्मियों के अप्रतिम नेता तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेता का. बी सान्याल का पार्थिव देह उनकी इच्छानुसार आज चिकित्सकीय शिक्षा व शोध हेतु जे एन एम मेडिकल कालेज रायपुर को दान कर दिया गया द्य इसके पूर्व उनके टिकरापारा स्थित निवास में अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित थे जिसमें राजनीति, ट्रेड यूनियन, रंगकर्म, पत्रकार व समाज के विविध क्षेत्रों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर उनके योगदान का स्मरण किया और शोषण के खिलाफ उनके संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया । आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के



देश के विभिन्न भागों से राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने रायपुर आकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया द्य सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, आल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन, आल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स प्रमोशन यूनियन, संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल, जनम , इप्टा, पेंशनर एसोसिएशन, विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े प्रदेश भर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अंतिम विदाई के अवसर पर उनके प्रति आदरांजलि प्रस्तुत की द्य इसके पश्चात माकपा के राज्य कार्यालय नूरानी चौक में पार्टी नेताओं व सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की द्य एल आई सी कार्यालय में भी उनके पार्थिव देह पर बड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह एवं बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की द्य श्रद्धांजलि सभा को ए आई आई ई ए के महासचिव का. श्रीकांत मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष का. अमानुल्ला खान, अध्यक्ष का. वी रमेश, कोषाध्यक्ष बी एस रवि, वेस्टर्न जोन के पूर्व अध्यक्ष आर एन पाटने, अध्यक्ष अनिल ढोकपांडे, ईस्ट सेंट्रल जोन के महासचिव त्रिनाथ दौरा, साउथ सेंट्रल जोन के महासचिव टी वी एन एस रवीन्द्रनाथ, लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष, जितेंद्र महापात्र, माकपा सचिव मंडल सदस्य वकील भारती, सीटू के राज्य महासचिव एम के नंदी, पेंशनर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सहसचिव, अतुल देशमुख, सेंट्रल जोन के अध्यक्ष अजीत केतकर, महासचिव का. धर्मराज महापात्र ने संबोधित करते हुए कहा कि का. बी सान्याल जीवन भर मजदूरों किसानों के हक में,सांप्रदायिकता के खिलाफ एवं समानता पर आधारित शोषण विहीन समाज व्यवस्था की स्थापना हेतु श्रेणियों के कामगारों हेतु संघर्ष किया द्य एल आई सी के ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष होने के नाते राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग की रक्षा के संघर्ष को उन्होंने योजनाबद्ध रूप से आगे बढ़ाया द्य उन्हें मेहनतकशों की वर्गीय विचारधारा पर पूर्ण विश्वास था ।

# नैनो डीएपी का भंडारण और वितरण सुचारु - किसानों को मिल रहा आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली उर्वरक

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

रायपुर जिले में खरीफ 2025 के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नैनो डीएपी का पर्याप्त मात्रा में भंडारण एवं वितरण किया जा रहा है। किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली तरल उर्वरक नैनो डीएपी के प्रयोग के बारे में बताया जा रहा है। नैनो डीएपी का उपयोग बेहद आसान है - एक लीटर पानी में 5 मिली नैनो डीएपी मिलाकर इसका छिड़काव किया जाता है। एक सामान्य घरेलू ढक्कन (25 मिली) की मात्रा 5 लीटर पानी के लिए पर्याप्त होती है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भी नैनो डीएपी को किसानों के लिए लाभकारी बताया है। यह उर्वरक पौधों को आवश्यक नाइट्रोजन और फास्फोरस प्रदान करता है, जिससे उनकी बेहतर वृद्धि, विकास और उत्पादन में मदद मिलती है। साथ ही, यह मिट्टी के स्वास्थ्य को भी बेहतर करता है और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के रूप में पारंपरिक डीएपी का स्मार्ट विकल्प है। नैनो डीएपी का उपयोग बीज उपचार, मिट्टी में मिलाने और पत्तों पर छिड़काव - तीनों रूपों में किया जा सकता है। यह सभी प्रकार की फसलों के लिए उपयुक्त है और किसानों को उत्पादन बढ़ाने में मदद कर रहा है।



## सम्पादकीय

# बुजुर्गों पर संकट

निर्विवाद रूप से जलवायु परिवर्तन से उपजी चुनौतियों का सामना आज समाज का हर वर्ग कर रहा है। खासकर विकासशील व गरीब देशों की स्थितियां विकट हैं जहां पर्यावरणीय प्रदूषण व लचर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। विशेष तौर पर इन दिनों जब अमेरिका-यूरोप समेत एशिया के तमाम देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर विभिन्न रोगों से जूझ रहे बुजुर्गों पर ज्यादा पड़ रहा है। जिसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनइपी की ताजा रिपोर्ट करती है। चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि बीती सदी में नब्बे के दशक के बाद से लेकर अब तक भीषण गर्मी से बुजुर्गों की मौत में पिच्चासी फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, यूएनइपी की यह रिपोर्ट बुजुर्गों के समक्ष दरपेश गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है। यह संकट लचर स्वास्थ्य सेवाओं व प्रदूषित वातावरण वाले गरीब व विकासशील मुल्कों में ज्यादा है। दरअसल, बुजुर्गों पर बढ़ते इस संकट की मूल वजह बड़ी उम्र में आंतरिक तापमान को नियंत्रण में करने की क्षमता घटना है। जिससे वे मौसम की तीव्रता को सहन नहीं कर पाते। फलत: गर्मी व ठंड की तीव्रता को सहन करने में उनका शरीर सक्षम नहीं हो पाता। कुल मिलाकर उनकी कम होती रोग प्रतिरोधक क्षमता गंभीर बीमारियों का कारण बनती है।

वैसे भी मौसम के चरम का असर उन लोगों के लिये ज्यादा संवेदनशील होता है जो बढ़ती उम्र के रोगों से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे देशों को बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना चाहिए। दरअसल, पर्यावरण प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहा है। खासकर शहरों में स्थिति ज्यादा विकट है, जहां बुजुर्ग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रलोभन में आ बसते हैं। फलत: मरीजों के दबाव से स्वास्थ्य सेवाएं भी चरमराने लगती हैं। जिसकी कीमत बुजुर्गों को चुकानी पड़ती है। सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति की आय कम हो जाती है, फलत: शारीरिक क्षमता में गिरावट के बाद बढ़ती उम्र के रोगों का इलाज करा पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि उनके बच्चे उनका साथ नहीं देते तो उनके लिए संकट और गहरा जाता है। निस्संदेह, बुनियादी ढांचे को मजबूत करके स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ती व सर्व सुलभ बनाने की भी जरूरत है। जिससे संवेदनशील वर्ग के संकट के समाधान में मदद मिल सके। ऐसे में बुजुर्गों की भागीदारी सामाजिक कार्यक्रमों व आय के साधन जुटाने में बढ़ाई जानी चाहिए।

# संसद में हंगामा मतलब समय और संसाधनों की बर्बादी

**देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।**

डॉ. आशीष वशिष्ठ।



संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है। ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए। मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिये करता है। 2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि, पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। अब हिंडनबर्ग के बारे में एक भी शब्द राहुल गांधी या विपक्ष का कोई नेता बोलता सुनाई नहीं देता। विपक्ष की राजनीतिक सोच और विचार का समर्थन करने वाला एक तथाकथित तबका देश में मौजूद है। ये लोग भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के विरोध के लिए 'से नो टू वॉर' कह रहे थे वही लोग आज सीजफायर की खिल्ली उड़ा रहे हैं। अब यही लोग कह रहे हैं कि सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे झुक गई। यह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इरादे और जज्बे से कर रहे हैं। इनका मूल उद्देश्य यही है कि किसी भी तरह यह साबित कर सकें कि सीजफायर को स्वीकार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कमजोर पीएम साबित किया जा सके। इस तरह की दोहरा रवैया देखकर वास्तव में हंसी आती है कि खुद को बुद्धिजीवी समझने वाले ये लोग आखिर चाहते क्या हैं? इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। जट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए। 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है।

# जीएसटी में सुधार : भारत को एक सरल और स्थिर कर संरचना की जरूरत

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में अगले हफ्तों में एक बार फिर बड़ा बदलाव होने वाला है। खबरों के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह विभिन्न पक्षों से बातचीत करेंगे ताकि लंबित मसलों को हल किया जा सके। अगर यह बात सही है तो यह दिखाता है कि जीएसटी व्यवस्था में केंद्र सरकार तथा राज्यों के बीच आपसी सहमति से सुधार करना राजनीतिक दृष्टि से कितना आवश्यक है। गत सप्ताह प्रकाशित एक और खबर में कहा गया था कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने जीएसटी फ्रेमवर्क के पुनर्गठन को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार का इरादा जीएसटी व्यवस्था को समायोजित करके इसके काम को बेहतर बनाने का है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। बातचीत के आगे बढ़ने के साथ जीएसटी परिषद को कम से कम तीन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पहला, स्लैब और दरों को युक्तिसंगत बनाना। अब यह बात मानी जा चुकी है कि जीएसटी व्यवस्था के कमजोर प्रदर्शन की एक वजह इसके दरों के ढांचे और विविध स्लैब्स की जटिलता भी है। आदर्श स्थिति में देखा जाए तो अर्थशास्त्री कहते हैं कि महज एक दर होनी चाहिए। हालांकि, भारत ने इसे प्रगतिशील बनाने का निर्णय लिया। इस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश के बावजूद कई स्लैब को कम किया जा सकता है। इस संदर्भ में यह खबर है कि 12 फीसदी के स्लैब को समाप्त कर दिया जाएगा और जिन वस्तुओं पर इस दर से कर लग रहा था उन्हें 5 फीसदी और 18 फीसदी के स्लैब में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। लेकिन इससे व्यवस्था में और जटिलता आ सकती है। बेहतर तरीका यह होगा कि 12 और 18 फीसदी की दर को एक उचित दर में विलीन कर दिया जाए। दरों को युक्तिसंगत बनाने का लक्ष्य दरों के ढांचे को सरल बनाना होना चाहिए, वह भी बिना राजस्व गंवाए। शुरुआती वर्षों में दरों में अपरिपक्व ढंग से कमी किए जाने ने राजस्व संग्रह को प्रभावित किया। कुल सकल जीएसटी संग्रह की बात करें तो उपकर सहित वर्ष 2023-24 में यह सकल घरेलू उत्पाद का 6.7 फीसदी रहा जबकि 2016 में जीएसटी में समाहित करों में यह 6.3 फीसदी रहा था। उपकर को छोड़ दिया जाए तो 2023-24 में शुद्ध संग्रह काफी कम था। परिषद को एक अन्य पहलू पर विचार करना होगा और वह है क्षतिपूर्ति उपकर। सामान्य परिस्थितियों में क्षतिपूर्ति उपकर का संग्रह जीएसटी के पांच साल बाद रुक जाना चाहिए था लेकिन इसे मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया।




**इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि जहां जीएसटी ने मंशा के मुताबिक एक राष्ट्रीय बाजार तैयार करने में मदद की है, वहीं राजस्व संग्रह के मामले में इसका प्रदर्शन कमजोर रहा है। इस बात ने केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर असर डाला है। राज्यों के उलट केंद्र सरकार के पास शुरुआती वर्षों में राजस्व की कमी से बचाव के लिए क्षतिपूर्ति का उपाय नहीं था।**

# शिक्षा संस्थानों में संभावनाओं की मौत, हमारी शिक्षा प्रणाली की गंभीर समस्याओं को सुलझाना जरूरी

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में हाल के दिनों में कई चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। पहले जहां छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले चर्चा में थे, वहीं अब छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। गत दिनों ओडिशा के बालासोर में एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद आत्मदाह कर लिया। बेंगलुरु में दो शिक्षकों ने एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आइआइएम, कोलकाता में भी एक मनोविज्ञानी महिला परामर्शदाता के साथ इसी तरह की घटना हुई। नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में दंत चिकित्सा की एक छात्रा ने छात्रावास में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक पत्र लिखा, जिसमें विश्वविद्यालय के डीन और कुछ प्राध्यापकों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने दो प्राध्यापकों को गिरफ्तार किया है और कुछ को निलंबित किया गया है। ये घटनाएं उच्च शिक्षा परिदृश्य को शर्मसार करने वाली हैं। वैसे भी विदेश में पढ़ाई के बढ़ते चलन के चलते प्रतिभाओं के पलायन का बड़ा संकट खड़ा हो रहा है। ऊपर से शिक्षकों द्वारा दुष्कर्म और प्रताड़ना के बढ़ते मामले इस समस्या को और गंभीर ही बनाएंगे। ये घटनाएं बताती हैं कि हमारे कुछ शिक्षक छात्रों में उम्मीदों की उड़ान पैदा करने के बजाय निराशा, कुंठा और अवसाद पैदा कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ऐसे शिक्षकों पर कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है, अन्यथा शिक्षण संस्थानों में ऐसी शर्मनाक घटनाएं नहीं होतीं। शिक्षा के जरिये विद्यार्थी उपलब्धि के शिखर पर पहुंचने की आकांक्षा रखते हैं। यदि शिक्षण संस्थानों में ही यह संभावना दम तोड़ने लगे तो यह शिक्षा का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पहलू माना जाएगा। ज्ञान की महत्ता ने इस भ्रम को तोड़ दिया है कि शिक्षा केवल कुछ वर्गों का अधिकार है। भारतीय मनीषियों ने हजारों साल पहले ज्ञान की इस शक्ति को पहचाना था। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी कहा गया है। आज दुनिया शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से एक ऐसे तकनीकी संसार का निर्माण कर रही है, जिसमें सुविधाएं हर किसी की मुट्ठी में हैं। अब तो मनुष्य अंतरिक्ष में बसने-बसाने की संभावनाएं तलाश रहा है। शिक्षा के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध हुए हैं। ऐसे में जब शिक्षण संस्थानों में प्रताड़ना, दुष्कर्म और आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं, तो सरकारों के लिए यह एक गंभीर विषय होना चाहिए। शिक्षा परिसरों में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं इसका संकेत करती हैं कि हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गंभीर समस्याएं हैं। यदि उत्पीड़न और आत्महत्या का यह सिलसिला जारी रहा, तो देश के भविष्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



**यह चिंता की बात है कि भारत सरकार देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस खोलने की अनुमति दे रही है। यदि हम विदेशी शिक्षा पद्धति और संस्थानों को प्राथमिकता देंगे, तो हमारे छात्र और अभिभावक अपने देश के संस्थानों को कमतर मानने लगेंगे। होना तो यह चाहिए कि सरकार देश के शिक्षण संस्थानों में ही बुनियादी सुधार करती।**

*प्रमोद भार्गव।*

## व्यापार समाचार

# मस्क ने स्पेसशिप जैसा दिखने वाला रेस्त्रां खोला




लॉस एंजिल्स।

इलॉन मस्क ने लॉस एंजिल्स में डायनर यानी, रेस्त्रां खोला है। इस फ्यूचरिस्टिक डायनर में बर्गर, हॉट डॉग, चिकन विंग्स जैसा खाना मिलता है। यहां चार्जिंग के लिए 80 सुपरचार्जर भी लगे हैं। अगर कोई टेस्ला कार में आता हैं, तो कार की स्क्रीन से ही खाना ऑर्डर कर सकता है। साथ ही 45 फीट की मूवी स्क्रीन्स का ऑडियो टेस्ला की कार के साउंड सिस्टम से सिंक हो जाता है। 1950 स्टाइल वाले डायनर के लॉन्च इवेंट में ऑप्टिमस रोबोट ने पॉपकॉर्न सर्व किया। यहां खाना साइबरट्रक-स्टाइल बॉक्स में सर्व किया जाता है। मस्क ने भी यहां डिनर किया। ये डायनर एक ऐसा एक्सपीरियंस है जो पुराने जमाने की अमेरिकी डायनर संस्कृति को भविष्य की तकनीक के साथ जोड़ता है। मस्क ने 2018 में इस डायनर का आइडिया शेयर किया था।

## शांति गोल्ड का आईपीओ 25 जुलाई को खुलेगा, प्राइस बैंड 189-199 रुपये प्रति शेयर

नई दिल्ली।

स्वर्ण आभूषण विनिर्माता कंपनी शांति गोल्ड इंटरनेशनल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए शुक्रवार, 25 जुलाई को खुलेगा और 29 जुलाई को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 189-199 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर 1 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है। कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा 189-199 रुपये तय किया गया है। ये आईपीओ पूरी तरह 1.81 करोड़ इक्विटी शेयरों तक के नए शेयरों का निर्गम है, जिसमें ब्रिकी की पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक शामिल नहीं है। निवेशक न्यूनतम 75 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 75 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। कंपनी इस इश्यू से 360 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 14 अंक और निफ्टी 30 अंक गिरकर बंद

नई दिल्ली।




घरेलू शेयर बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद मामूली कमजोरी के साथ सपाट स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी और सेंसेक्स की चाल में थोड़ी और तेजी आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। शेयर बाजार की चाल में मंगलवार को पूरे दिन लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। दिनभर का कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। मंगलवार को दिनभर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स कमजोरी के साथ बंद हुए। पीएसयू बैंक, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में मंगलवार को जमकर बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ मंगलवार को कारोबार का अंत किया। मंगलवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन मंगलवार को कारोबार के बाद घट कर 458.50 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.89 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को मंगलवार को कारोबार से करीब 1.39 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

मंगलवार को दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,198 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,784 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,236 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 178 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,665 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,135 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,530 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स मंगलवार को 327.09 अंक की तेजी के साथ 82,527.43 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 337.83 अंक की मजबूती के साथ 82,538.17 अंक तक पहुंचा। इसके तुरंत बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से थोड़ी देर में ही सेंसेक्स लाल निशान में गिर गया।

# अकासा एयर के बेड़े में 2032 तक होंगे 226 विमान : अंकुर गोयल

नई दिल्ली।




भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन अकासा एयर ने 2032 तक अपने विमानों के बेड़े की संख्या को 30 से बढ़ा कर 226 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अकासा एयर ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में 49 फीसदी राजस्व वृद्धि और 50 फीसदी मार्जिन सुधार दर्ज किया है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अंकुर गोयल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अकासा एयर ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 49 फीसदी राजस्व वृद्धि और 50 फीसदी मार्जिन सुधार दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन की योजना इस अवधि के दौरान सालाना 25 से 30 फीसदी क्षमता जोड़ने की है। अंकुर गोयल ने बताया कि बढ़ती लाभप्रदता, 27 विमानों और 1.6 करोड़ से ज्यादा यात्रियों की सेवा के साथ एयरलाइन ने दीर्घकालिक विकास और वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उन्होंने कहा कि अकासा एयर ने इस साल 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन का लागत नेतृत्व पर स्थिर ध्यान के साथ-साथ राजस्व सृजन और परिचालन दक्षता के लिए अनुशासित दृष्टिकोण ने इसे वित्तीय मापदंडों में मजबूत वृद्धि दर्ज करने में सक्षम बनाया है, जिससे ये एयरलाइन लाभप्रदता की एक सफल पथ पर अग्रसर है। अंकुर गोयल ने कहा कि एयरलाइन लागत पर ध्यान दे रही है। अकासा एयर ने 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर दिए हैं। इनमें से 30 विमानों का वर्तमान में कंपनी की ओर से परिचालन किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि विमानन कंपनी का लक्ष्य 2032 तक बेड़े में 226 विमान रखना है। उन्होंने आगे कहा कि अगले सात वर्षों में हमारा लक्ष्य सालाना क्षमता में 25 से 30 फीसदी की वृद्धि का है।

# भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक स्थिरता का आधार बनाती है : सुमन बेरी

नई दिल्ली।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने मंगलवार को कहा कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे विश्व के लिए स्थिरता का आधार बनाती है जिसे वृद्धि के नए इंजनों और विकास मॉडलों की आवश्यकता है, जिन्हें बढ़ाया और साझा किया जा सके। बेरी ने कहा कि इस दिशा में भारत एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। सुमन बेरी ने एक्स पोस्ट में बताया कि संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सतत विकास लक्ष्यों पर उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को ऐसे नए विकास मॉडल और वृद्धि के नए इंजनों की आवश?यकता है, जिन्हें बड़े पैमाने पर अपनाया और साझा किया जा सके। उन्होंने कहा कि परिवर्तनशील युग में भारत एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में उभर कर सामने आया है। इसके सामाजिक-आर्थिक संकेतक निरंतर बेहतर हो रहे हैं। साथ ही इसमें समावेशी डिजिटल प्रौद्योगिकी, सैद्धांतिक सुधार और समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। दुनिया महत्वपूर्ण आर्थिक बदलावों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में सतत विकास लक्ष्यों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सामूहिक कार्य पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष बेरी ने कहा कि अनुमान है कि 2013-14 और 2022-23 के बीच के दशक में 24.8 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकल आए हैं। भारत में विश्व में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं का सबसे बड़ा समूह मौजूद है। भारत ने विकासशील देशों को रियायती वित्त, प्रौद्योगिकी साझेदारी और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान की है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा डीजल एवं एच.एच.पी. लोको शेड, का निरीक्षण किया





रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा डीजल एवं एच.एच.पी. लोको शेड, रायपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान लोको शेड परिसर में नवनिर्मित भवन अनुभाग श्व4 एवं श्व6 का उद्घाटन किया गया। इस भवन में अत्याधुनिक तकनीक से युक्त टेस्ट बेंचेस स्थापित किए गए हैं, जिनकी सहायता से विद्युत लोकोमोटिव के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता तथा कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी।

इसके अतिरिक्त, लोको शेड टेक्शन मोटर बेकिंग ओवन का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें डाटा लॉगर की नवीनतम तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह प्रणाली मोटर अनुरक्षण कार्यों को और अधिक सटीक, सुरक्षित तथा उन्नत बनाएगी।

इस अवसर पर रामेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर; एस. के. सहगल, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक; दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर; पीयूष गुप्ता, मुख्य विद्युत लोको इंजीनियर; एस. के. सिंह, मुख्य इंजीनियर (निर्माण); एवं सौरभ दवग्गर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (डी), रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह आयोजन रायपुर स्थित डीजल एवं एच.एच.पी. लोको शेड की तकनीकी क्षमताओं के निरंतर आधुनिकीकरण एवं प्रगतिशील विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे भारतीय रेल की परिचालन क्षमता तथा सेवा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार की अपेक्षा की जा रही है।



# धृतराष्ट बने बैठे हैं बघेल-अरुण साव

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

छत्तीसगढ़ को बदनाम करने का कृत्य किया है बघेल ने, किसी भ्रष्टाचारी और अपराधी के पक्ष में छत्तीसगढ़ की जनता कभी नहीं आती

सरकार में रहते आर्थिक अपराध कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने वालों की विपक्ष में रहते आर्थिक नाकेबंदी की साजिश विफल हुई ― अरुण सावकांग्रेस केवल शहजादों के लिए प्रदर्शन करती है, अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं का कोई मोल नहीं―अरुण सावआज भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद कांग्रेस में भी भूपेश बघेल की स्वीकार्यता खत्म हो रही है। आखिर कब तक भूपेश बघेल, अपनी सरकार में हुए भ्रष्टाचारों पर पर्दा डालने के लिए ऐसे काम करेंगे? प्रदेशवासियों का समय जाया करते रहेंगे? आर्थिक नुकसान करते रहेंगे? पूरी कांग्रेस पार्टी को झोंकते रहेंगे? झूठ-पर-झूठ बोलते रहेंगे?भ्रष्टाचार कर प्रदेश की जनता को सजा देना चोरी ऊपर से सीनाजोरीश्री साव ने कहा पहली बार देखा जा रहा है कि भ्रष्टाचारियों के पक्ष में आर्थिक नाकाबंदी करके निर्दोष आम जनता को सजा देने का षड्यंत्र किया गया था। जनता का धन्यवाद कि इसे विफल कर दिया। भूपेश बघेल कह रहे है कि श्री राम को गाली देने वाले उनके पिता जीवित होते तो आरोपी के जेल जाने पर गर्व महसूस करते श्री साव ने कहा यह आश्चर्यजनक है कि भूपेश बघेल अपने बेटे की गिरफ्तारी पर कह रहे हैं कि अगर उसके दादा आज जीवित होते तो खुश होते। अनेक बार अन्याय का विरोध करते हुए वे जेल गए थे। हम सभी जानते हैं कि हिंदुत्व का विरोध कर और श्रीराम को दुष्ट कहकर, जातिगत गाली-गलौज कर नंदकुमार बघेल जेल जाते रहे हैं। तो भूपेश बघेल को क्या अब हिंदुत्व और श्रीराम आदि अन्याय लग रहे अब? मुखौटा उतर गया है। पहले कहते थे कि उनके पिताजी से वे सहमत नहीं हैं। अब नंद कुमार बघेल से सहमत हो गए?श्री साव ने कहा भूपेश बघेल तो इस बात पर भी गर्वित और आत्ममुग्ध हैं कि इस गिरफ्तारी के बाद उनके बेटे को पूरा देश जान गया है। एक बाप को अपने बेटे पर गर्व होता है जब वो डॉक्टर बने, इंजीनियर बने, उच्च अधिकारी बने, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रसिद्धि पाए मगर किसी आर्थिक अपराध में नाम शामिल होने में कोई बाप गर्व करे तो इसे आप क्या कहेंगे?ईडी के प्रेस रिलीज से 1 हजार करोड़ के हेर फेर के आरोप सामने अब बहाने बाजी से काम नहीं चलेगाश्री साव ने कहा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर जोनल कार्यालय की प्रेस रिलीज में भी यह आईने की तरह साफ है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों से अर्जित 2500 करोड़ रुपये से अधिक की आपराधिक आय (पीओसी) लाभार्थियों की जेबों में भर गई।श्री साव ने कहा ईडी की प्रेस रिलीज से यह पता चला है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। चैतन्य ने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था।इसके अलावा, चैतन्य पर शराब घोटाले के 1000 करोड़ रुपए से अधिक के पीओसी को संभालने का भी आरोप है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे।श्री साव ने कहा कांग्रेस की भूपेश सरकार ऐसी अनोखी भ्रष्ट सरकार थी जो अपने ही राजस्व में डाके डालती थी। आर्थिक नाकेबंदी में भूपेश को विशेषज्ञता हासिल है जब शासन में थे तो कोल, महादेव एप्प, चावल, शराब, पीएससी, घोटाला करके प्रदेश के आर्थिक विकास की नाकेबंदी इन्होंने करवायी थी।



# श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से हुए लाभान्वित

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए प्रशिक्षण कारगर होगा


छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अपनी स्थापना काल से ही प्रदेश भर में संचालित श्रम कल्याण केन्द्रों के माध्यम से जहां मजदूरों को मण्डल द्वारा संचालित चौदह योजनाओं का लाभ देता चला आ रहा है, वहीं सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के माध्यम से सैकड़ों मजदूर परिवार के महिलाओं को आर्थिक आजादी प्रदान कर चुका है। पिछले दिनों श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा ने रायपुर व राजनांदगांव जिले में कार्यरत श्रम कल्याण केन्द्रों का दौरा किया। श्रम केंद्रों की समस्याओं से अवगत हुए। जो कमी उन्हें बताए गए, उन्हें एक माह के भीतर पूरा करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया। मिश्रा ने पिछले छः महीने में प्रशिक्षण प्राप्त बैच को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि श्रम कल्याण मण्डल कारखाना, उद्योग, फैक्ट्रियों व 10 या 10 से अधिक नियोजित होने वाले कर्मचारियों के संस्थान में कार्यरत श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा के लिए व्यापक कार्य कर रहा है। मंडल अब तक छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से निःशुल्क सिलाई मशीन वितरण योजना, निःशुल्क सायकल वितरण योजना के माध्यम से तथा बीमारी, दुर्घटना व मृत्यु तक की योजना के द्वारा हजारों श्रमिकों को लाभान्वित किया जा चुका है। मंडल के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि मजदूर परिवारों का आर्थिक विकास हो, उन्हें सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं का लाभ मिले, इस हेतु मंडल व उसके कर्मचारी प्रयत्नशील हैं। उन्होंने देश के आर्थिक विकास का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय देश व प्रदेश को आर्थिक मजबूती की दिशा में कारगर कार्य कर रहे हैं। हम आज जहां विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुके हैं, वहीं विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भी बहुत जल्दी पदार्पण कर लेंगे। श्री मिश्रा कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में पूरा देश आगे बढ़ रहा है। देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा तो राष्ट्र के प्रत्येक किसान, मजदूर, गरीब, आम नागरिक सभी को इसका लाभ मिलने लगेगा। यह स्वर्णिम स्वप्न साकार तब होगा, जब देश का प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री मोदी के इस मिशन को कामयाब करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा होगा। श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला बहनों का आह्वान करते हुए कहा कि जो प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है, उसे अपने जीवन के आर्थिक विकास में लगाएं, अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए परिवार की आय बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है। वे भी कंधे से कंधा मिलाकर परिवार के साथ खड़ी हों, ताकि उनका परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध हो, जिससे देश की भी समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री मिश्रा ने इस दौरान रायपुर जिले के उरला, सांकरा, सोनडोंगरी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रम कल्याण केंद्रों का निरीक्षण किया।

# स्टेट कैपिटल रीजन छत्तीसगढ़ का बनेगा नया ग्रोथ

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

राजधानी रायपुर और उसके आस-पास का एरिया, स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के रूप में विकसित होने जा रहा है। यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ का नया ग्रोथ ईंजन बनेगा। विधानसभा में इस संबंध में विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही स्टेट कैपिटल रीजन' ने रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी रायपुर सहित दुर्ग-भिलाई और नवा रायपुर अटल नगर के क्षेत्र कैपिटल रीजन में शामिल किया गया है। यह पूरा क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर विकसित होगा।

भौगोलिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश के केन्द्र में स्थित होने के साथ-साथ व्यापार, वाणिज्य और उद्योग के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की यह पहल पर स्टेट कैपिटल रीजन में योजनाबद्ध और शहरी विकास की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए, स्टेट कैपिटल रीजन को विकसित करने की योजना बनाई गई है। इससे राजधानी और आसपास के शहरों का प्लान्ड डेव्हलपमेंट होगा। साथ ही शहरी सुविधाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और वाणिज्य के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार होगा।




इस क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाएं बढ़ेंगी।

स्टेट कैपिटल रीजन में शामिल शहरों में वर्ष 2031 तक 50 लाख से अधिक की आबादी रहने का अनुमान है। बढ़ते शहरीकरण और आबादी के दबाव को कम करने तथा बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यहां राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन करने का प्रावधान रखा गया है। यह प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण आदि के अनुरूप होगा।राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। इसके साथ ही आवास एवं पर्यावरण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण विभाग के मंत्री, राज्य के मुख्य सचिव सहित विभिन्न विभागों के सचिव, राज्य शासन द्वारा नामित सदस्यों में राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करने वाले चार विधायक, स्थानीय प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करने वाले चार निर्वाचित सदस्य होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण इसके सदस्य संयोजक होंगे। यह प्राधिकरण भूमि का प्रभावी उपयोग और पर्यावरण अनुकूल योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करेगा। वर्ष 2024-25 के बजट में स्टेट केपिटल रीजन कार्यालय की स्थापना के लिए सर्वेक्षण एवं डीपीआर बनाने के लिए भी 5 करोड़ का प्रावधान किया गया उद्देश्य राजधानी और आसपास के शहरों के व्यापक विकास के लिए योजना बनाने के साथ नियामक और समन्वय सस्थान के रूप में कार्य करना है।

# इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित




रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (EEPC इंडिया) द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ से इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए वैश्विक सोर्सिंग के अवसर विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग उत्पादों की वैश्विक बाजारों में उपस्थिति और निर्यात क्षमता को बढ़ाना था। इसमें विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों से जुड़े निर्माताओं और निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग अवसरों और वैश्विक व्यापार प्रवृत्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में चेंबर प्रतिनिधी हुए शामिल छत्तीसगढ़ से इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए वैश्विक सोर्सिंग के अवसर तलाशे गए.

उद्योग विभाग से रितुराज ताम्रकार ने इंजीनियरिंग प्रोडक्ट उद्योगों को प्रदेश सरकार की ओर से प्राप्त होने वाली अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चेंबर उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा ने कहा कि चैंबर सदैव ही व्यापारी कितने कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है और प्रदेश के व्यापारियों को निर्यात में सहायता प्रदान करता है।

इस अवसर पर चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र शादीजा, उद्योग विभाग से रितु राज ताम्रकार सहित इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकरिगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मथुरा जंक्शन के बीच तीसरी रेल लाइन को मथुरा स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जायेगा

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल में बाद -मथुरा जंक्शन के बीच तीसरी रेल लाइन को मथुरा स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जायेगा । यह कार्य दिनांक 01 से 12 अगस्त, 2024 तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी

इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है:- परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां ―1. दिनांक 01 अगस्त, 2025 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर से चलने वाली 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-गाजियबाद- मितावली-आगरा होकर रवाना होगी ।2. दिनांक 01 अगस्त, 2025 को फिरोजपुर से चलने वाली 20424 फिरोहपुर-सिवनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग शकूर बस्ती- गाजियबाद- मितावली- आगरा होकर रवाना होगी । 3. दिनांक 02 अगस्त, 2025 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निज़ामुद्दीन -गाजियबाद-मितावली- आगरा होकर रवाना होगी ।

4. दिनांक 01 अगस्त, 2025 को विशाखापटनम से चलने वाली 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगराङ्क मितावलीङ्कगाजियाबादङ्कनई दिल्ली होकर रवाना होगी । 5. दिनांक 01 एवं 02 अगस्त, 2025 को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पूरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मेरठ सिटी-खुर्जा- मितावली-आगरा होकर रवाना होगी । 6. दिनांक 31 अगस्त, 2025 को पूरी से चलने वाली 18477 पूरीङ्कयोग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगराङ्कमितावलीङ्कखुर्जाङ्कमेरठ सिटी होकर रवाना होगी । रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है ।

अंग्रेजी

भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा

# संस्कार में अंग्रेजी का शामिल होना चिंता का विषय

राम प्रसाद दुबे

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक आध्यात्मिक और परंपरावादी भाग्यवादी रही अंग्रेजों के आने के बाद उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप निश्चित तौर पर बदलता रहा धार्मिक और आध्यात्मिक तथा त्याग और ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा इसलिए यह कहा जाता है कि अंग्रेजों के आने के बाद भारतीय संस्कृति पर अंग्रेजी का सीधा आक्रमण हुआ इस बात को विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मन बदलने लगा नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्यवाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी इसके बाद भारतीय दर्शन के आंतरिक प्रभाव आदर्श नैतिकता बुद्धि आदि में भी काफी परिवर्तन देखने को मिला इन घटकों पर नवीन संचार और शिक्षा का व्यापक प्रभाव पड़ा अंग्रेज भारत को एक ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे जो जन्म और रंग से पूर्वोत्तर की तरह दिखे अन्य सभी दृष्टिकोण से भी अंग्रेज बन रहे भारत का एक उच्च वर्ग जिसे हम अमीर लोग कहते हैं या फिर उसे दौर में राजा महाराजा नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के प्रभाव में आते चले गए यहां तक कि पाश्चात्य संस्कृति की तरफ भारत का झुकाव बढ़ गया भारतीय संस्कृति को बदलने में यही उच्च वर्ग और अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार हैं क्योंकि इन लोगों को अंग्रेजी की नकल करने की आदत बन चुकी थी भारतीय समाज दर्शन में उनकी रुचि नहीं रह गई थी या यह कहे कि विश्वास का माहौल बनने लगा था धीरे-धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने भी माना है कि पश्चिमी संस्कृति का वृहद आकर्षण उसके अन्य प्रभाव का कारण बना इन विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर मार्गदर्शन करना चाह लेकिन वास हो नहीं पाया विद्वान ऑन शोधकर्ताओं एवं विचारकों ने भारतीय प्रथम जिसमें बाल विवाह बहु विवाह देवदासी महिला शिक्षा और निरीक्षाक्त को रोकने के लिए अभियान चलाने की जरूरत जताई गई पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरुआत हुई इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खान व वेशभूषा विवाह समारोह विचार शिष्टाचार काफी बदलाव देखने को मिलने लगा अब हालात यह है की वेस्टर्न पद्धति से शिक्षा संस्कृति और विचारधारा लड़खड़ाती नजर आती है देश के अंदर अलग-अलग विभिन्न विचारधाराओं के समूह को एक संस्कृति के मंच पर ला खड़ा कर दिया है इसी संस्कृत सामान्य ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी लेकिन प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाज में अब पाखंड पर अधिक बहाने लगा है यही कारण है कि लोग समाज से अलग होते जा रहे हैं युवा पीढ़ी में एक अलग तरह की संस्कृति दिखने लगी है परिवारवाद खत्म हो रहा है शादी ब्याह जैसे परंपराओं के कामों में व्यवधान आने लगे हैं क्योंकि पाश्चात्य संस्कृति का नमूना सेल फोन में दिखाई पड़ता है जिसमें सभी फस रहे हैं चाहे वह युवा वर्ग हो या महिला वर्ग हो क्या कामकाजी वर्ग हो सभी इसके आगोश में है एक तरह से मत मानव मस्तिष्क को जकड़ के रख लिया है जिससे बाहर आने की जरूरत है अन्यथा एक समय ऐसा आएगा की परिवारवाद तो खत्म हो ही जाएगा लेकिन जो पुरानी परंपराएं बची हैं वह भी समाप्त हो जाएगी शादी जैसी परंपरा मान्य नहीं रहेगीरिलेशनशिप अधिक आने जाने लगेगी इससे आने वाली पीढ़ी को संकट पैदा होगा क्योंकि जिस तरह से महिला वर्ग में बदलाव है



# दूसरों की टूटती शादी या रिलेशनशिप को देखकर डर लगता है, मैं किसी के साथ रिश्ते में नहीं हूं : आशी सिंह



## छोटे पर्दे के कई शोज और वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी में नजर आई कलाकार आशी सिंह टीवी सीरियल ये लव है मुश्किल को लेकर चर्चा में हैं।

**आज के दौर में कपल्स के रिश्ते काफी उलझते जा रहे हैं। कई रिश्ते टूटने की कगार तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में आप क्या मानती हैं कि एक अच्छे रिलेशनशिप में क्या जरूरी है?**

मैं असल जिंदगी में तो अभी किसी के साथ रिलेशनशिप में नहीं हूं। लेकिन अभी हम ज्यादातर सुनते रहते हैं कि शादी नहीं चल रही या रिलेशनशिप नहीं चल रहा है, तो उसको सुनकर मुझे डर लगा है। मगर जब मैं शब्बीर सर की बातें सुनती हूं, जो अपनी जिंदगी में बहुत सकारात्मक हैं, और उनका रिलेशनशिप बहुत अच्छा चल रहा है तो वो मुझ जैसे लोगों को थोड़ी उम्मीद देते हैं कि लाइफ अच्छी भी हो सकती है। तब मुझ जैसे लोगों को लगता है कि हम भी खुद के लिए एक अच्छा साथी ढूंढ सकते हैं। तो अगर केमिस्ट्री सही हो, कुछ तनाव ना हो तो लगता है जिंदगी आसानी से चल जाएगी।

**आज के दौर में जब ओटीटी पर थ्रिलर, ड्रामा और एडवेंचर वाले शोज युवाओं को पसंद आ रहे हैं, आपको लगता है कि आज की जनरेशन आपके नए शो से रिलेट कर पाएगी?**

मैं इस नई पीढ़ी की हूं, तो अगर मुझसे पूछते हैं कि आज की पीढ़ी इस शो से जुड़ाव महसूस कर पाएगी, तो मेरा मानना है बिल्कुल वो इससे रिलेट कर पाएंगे। ऐसे शोज जो एक समय के कल्ट हिट थे, वो आज भी युवा पसंद करते हैं।

**आपके शो के नाम में ही मुश्किल शब्द है। तो कभी शूटिंग में भी आपको कोई मुश्किल हुई? शब्बीर पहले से ही टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने ऐक्टर उनके साथ शूट करना कैसा अनुभव रहता था?**

शूटिंग में मजा ही इतना आता है कि जो छोटी-मोटी मुश्किलें होती भी हैं, तो वह महसूस नहीं होतीं। शूटिंग के दौरान मुझे शब्बीर सर की कंपनी बहुत अच्छी लगी। इसलिए हम जब साथ में शूट कर रहे होते हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। और अगर किसी कारण से शूट रुका है तो हम सेट पर बैठकर गेम्स खेलने लग जाते हैं, इससे हमारा अच्छा समय बीतता है।

**जब आपको यह रोल ऑफर हुआ तो आपके मन में क्या चल रहा था?**

इस शो से पहले मैंने बड़ा ब्रेक लिया था, क्योंकि पहले मुझे इंट्रेस्टिंग रोल नहीं मिल रहे थे। मुझे किसी ऐसे रोल का इंतजार था जो मुझे करने का मन करे। इसलिए जब मुझे यह ऑफर हुआ तो सबसे पहला मुझे पता चला कि शब्बीर सर इस शो में होंगे, जो मेरे हां करने की सबसे बड़ी वजह थी।

## रश्मिका मंदाना बनीं बिजनेसवुमन, लॉन्च किया अपना परफ्यूम ब्रांड डियर डायरी



रश्मिका मंदाना का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिनकी लोकप्रियता अब केवल साउथ तक सीमित नहीं रही। कन्नड़ सिनेमा से बॉलीवुड तक का सफर तय कर चुकीं रश्मिका अब तक कई हिट फिल्में दे चुकी हैं। अब रश्मिका ने अपने प्रशंसकों को बेहद खास तोहफा दिया है। दरअसल, वह अब बिजनेस में हाथ आजमा रही हैं। अभिनेत्री व्यवसायी महिला बन गई हैं। रश्मिका ने अपना परफ्यूम ब्रांड लॉन्च कर दिया है, जिसका नाम डियर डायरी है। रश्मिका ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, ये वाकई मेरे दिल के बहुत करीब है। ये सिर्फ एक ब्रांड नहीं है.... सिर्फ एक परफ्यूम नहीं है.... ये मेरा एक हिस्सा है। खुशबू हमेशा से मेरी निजी जिंदगी का एक अहम हिस्सा रही है और आज मैं इसे आपके साथ साझा कर रही हूं। मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे ये करने का मौका मिला। मैं बहुत उत्साहित हूं, लेकिन साथ ही बहुत घबराई हुई हूं। रश्मिका ने आगे लिखा, मुझे उम्मीद है कि इसे आगे बढ़ाने के लिए आप सभी का आशीर्वाद मुझे मिलेगा। उम्मीद है आपको भी ये उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे... आप इसे देख सकते हैं। काम के मोर्चे पर बात करें तो रश्मिका जल्द ही फिल्म द गर्लफ्रेंड में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है।

## बॉक्स ऑफिस : सैयारा ने पार किया 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। इस फिल्म को उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता मिली है, जिसके बारे में खुद निर्माता-निर्देशक ने नहीं सोचा होगा। महज 4 दिन में सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

### फिल्म ने चौथे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 22.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 105.50 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म ने 21.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 26 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। 45 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने तीसरे दिन 35.75 करोड़ रुपये कमाए थे।




### मोहित सूरी ने फिर चलाया आशिकी 2 वाला जादू

सैयारा 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म के जरिए अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है, वहीं बतौर लीड हीरोइन अनीत की भी यह पहली फिल्म है। फिल्म में अहान ने कृष और अनीत ने वाणी का किरदार निभाया है। यशराज फिल्म्स की यह फिल्म दुनियाभर के दर्शकों को लुभा रही है।

## शिल्पा शिरोडकर 25 साल बाद करने जा रही हैं बड़े पर्दे पर कमबैक, फिल्म शंकर में निभाएंगी ये बड़ी भूमिका

बिग बॉस 18 में नजर आ चुकीं जानी-मानी एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर जल्द ही बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रही हैं। शिल्पा कई बार ये जगजाहिर कर चुकी हैं कि वो अब फिल्मों में लौटने के लिए बिल्कुल तैयार हैं और फाइनली वो वक्त आ चुका है। शिल्पा की ये कमबैक फिल्म आम फिल्मों से काफी अलग और आध्यात्म के बेहद करीब है। उनकी ये फिल्म महान संत और दार्शनिक आदि शंकराचार्य को समर्पित है। शिल्पा शिरोडकर की आखिरी फिल्म गज गामिनी थी जो साल 2000 में रिलीज हुई थी। हालांकि पांच साल पहले साल 2020 में गन्स ऑफ बनारस को लेकर चर्चा में थीं जिसका निर्देशन शेखर सुरी ने किया था। हालांकि, ये फिल्म किसी वजह से रिलीज ही नहीं हुई। उनकी एक और फिल्म बारूद साल 2020 में ही बनी जो रिलीज नहीं हो पाई। यानी 25 साल बाद शिल्पा अब फिल्मों में एक बार फिर से कदम बढ़ा रही हैं।

### आदि शंकराचार्य की मां अर्याबा की भूमिका

शिल्पा शिरोडकर शंकर- द रिवोल्यूशनरी मैन में आदि शंकराचार्य की मां अर्यांबा की भूमिका निभाएंगी और अभिषेक निगम संत के रोल में होंगे। इसके अलावा शिल्पा एक और फिल्म जटाधारा में नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि जटाधारा एक रोमांचक कहानी है जो अनंत पद्मनाभ स्वामी मंदिर के रहस्यों और शक्तियों की कहानी पर बेस्ड फिल्म है।

### शंकर- द रिवोल्यूशनरी मैन में दिखेंगी शिल्पा शिरोडकर

बताया जा रहा है कि ये एक बेहद खास प्रोजेक्ट शंकर- द रिवॉल्यूशनरी मैन है, जो महान संत और दार्शनिक आदि शंकराचार्य को समर्पित है। इस फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मुंबई के मीरा रोड स्थित एलोरा स्टूडियो में हुई। इस मौके पर शिल्पा शिरोडकर के साथ गायक कैलाश खेर, अभिनेता अभिषेक निगम, राजेश श्रृंगारपुरे, फरनाज शेट्टी, रति पांडे, मनोज जोशी समेत कई कलाकार मौजूद थे। इस फिल्म का निर्माण मोदी स्टूडियो और राजर्षि भूपेंद्र मोदी कर रहे हैं।

### साल 1989 में मिथुन के साथ किया था डेब्यू

शिरोडकर के डेब्यू की बात करें तो उन्होंने साल 1989 में रमेश सिप्पी की फिल्म भ्रष्टाचार से डेब्यू किया था जिसमें मिथुन चक्रवर्ती और रेखा भी थीं। इस फिल्म में शिल्पा ने एक अंधी लड़की की भूमिका निभाई थी। इसके बाद साल 1990 में अनिल कपूर के साथ हिट फिल्म किशन कन्हैया में नजर आईं। उन्होंने त्रिनेत्र, हम, खुदा गवाह, आंखें , पहचानट, गोपी किशन, बेवफा सनम और मृत्युदंड (1997) जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने शादी के बाद एक्टिंग छोड़ने का फैसला किया।



## श्रद्धा कपूर को पसंद आई मोहित सूरी की फिल्म सैयारा, लिखा- 5 बार देखूंगी



अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। 18 जुलाई को रिलीज हुई उनकी इस फिल्म को पहले ही ब्लॉकबस्टर घोषित किया जा चुका है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। इस म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म की कहानी लोगों को खूब पसंद आ रही है, वहीं अहान-अनीत को बेहतरीन केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया है।

### सैयारा से आशिकी हो गई है मुझे : श्रद्धा

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा की कहानी श्रद्धा को पसंद आ गई है, वहीं उन्होंने अहान और अनीत की केमिस्ट्री की भी तारीफ की। श्रद्धा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सैयारा से आशिकी हो गई है मुझे। शुद्ध सिनेमा, शुद्ध ड्रामा, शुद्ध जादू। उफ बहुत समय बाद इतना भावुक महसूस हुआ। उन्होंने अनीत के एक दृश्य की तस्वीर साझा करते हुए आगे लिखा, इस पल के लिए मैं इसे 5 बाद देखूंगी।

## धमाल 4 : अजय देवगन और रवि किशन की जोड़ी फिर लगाएगी कॉमेडी का तड़का

बॉलीवुड की कॉमेडी फ्रैंचाइजी धमाल एक बार फिर पर्दे पर वापसी के लिए तैयार है, लेकिन इस बार मजा दोगुना होने वाला है क्योंकि धमाल 4 में अजय देवगन के साथ रवि किशन की वापसी तय है। यह तीसरी बार होगा जब ये दोनों दमदार सितारे बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। रवि किशन, जिनका करियर इन दिनों बुलंदियों पर है, ने हाल ही में सिंघम अगेन में अपने प्रभावशाली किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ उनकी पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी को खूब सराहा गया था। इसके बाद, दोनों सन ऑफ़ सरदार 2 में भी साथ नजर आएंगे, जिसमें रवि किशन पहली बार एक सरदार के अवतार में नजर आएंगे, वो भी बिल्कुल कॉमिक अंदाज में! अब इस ब्लॉकबस्टर जोड़ी की तीसरी फिल्म धमाल 4 बनने जा रही है, जिसके लिए दर्शकों में उत्साह चरम पर है। कॉमेडी, किरदारों का क्रेज और बेजोड़ केमिस्ट्री का मेल दर्शकों को एक बार फिर हंसी से भर देने वाला है। हाल ही में अजय देवगन और रवि किशन कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो में एक साथ नजर आए, जहाँ उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर मुहर लगाई।

## तलाक और सेपरेशन का दौर मुश्किल था, मगर बीत गया : रुखसार रहमान

**महज 17 साल की उम्र में याद रखेगी दुनिया से अपने करियर का आगाज करने वाली अभिनेत्री रुखसार रहमान के करियर में एक ब्रेक जरूर आया, मगर अभिनय की दूसरी पारी में उन्होंने डी, गॉड तुस्सी ग्रेट हो, सरकार, पीके, उरी, 83 जैसी कई फिल्मों में काम किया। एक डिवोर्स और एक सेपरेशन से गुजर चुकीं रुखसार अभिनेत्री आयशा अहमद की सिंगल पैरेंट हैं। जल्द ही उन्हें चैट शो द वेदाज स्पीक अवर स्प्रिचुअल जीपीएस में बतौर होस्ट देखा जा सकेगा।**

**आपका एक डिवोर्स और फिर दूसरा सेपरेशन, इन दोनों रिश्तों के समय आपने अपनी जिंदगी को कैसे हैंडल किया?**

देखिए, जब आप किसी रिश्ते में होते हैं, तो उससे आपको इमोशनल जुड़ाव तो होता ही है। जाहिर-सी बात है आप इमोशनली तो टूट ही जाते हैं, वो मेरे साथ भी हुआ। लेकिन ऊपर वाले का शुक्र है कि मेरे साथ मेरी बेटी आयशा (उनकी अभिनेत्री बेटी आयशा अहमद) और उसके दोस्त थे। मेरे अपने दोस्तों और परिवार ने बहुत हिम्मत दी। फिर वक्त एक ऐसा मरहम है, जो हर जख्म को भर देता है। आपकी जिंदगी में जब आपके पैरेंट्स भी गुजरते हैं, तो आपको लगता है कि आप इस दुनिया में कैसे रहेंगे, मगर फिर आपका घाव भरने लगता है। मैंने अपने माता-पिता को खोया है। मैं अपनी दादी के बहुत करीब थी। उनके जाने की तो मैंने कभी कल्पना तक नहीं की थी। उनके जाने के बाद सब्र आ गया, तो इस पर भी सब्र आ ही गया। ये बात अलग है कि अभी -कभी बहुत तकलीफ होती है, हर चीज की, मगर हम जीना नहीं छोड़ते। निजी जिंदगी में वो दौर मुश्किल था, मगर मैं सोचती हूं कुछ भी हमेशा एक जैसा नहीं रहता। उसी सोच ने आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

**हाल ही में नीना गुप्ता जैसी सीनियर अभिनेत्री ने कहा कि उनको नहीं पता कि प्यार क्या होता है, आप खुद एक डिवोर्स और एक सेपरेशन से गुजर चुकी हैं, आपकी एक युवा बेटी भी है। क्या आपको अकेलापन महसूस होता है? क्या अभी भी प्यार की चाह है?**

मुझे नहीं लगता मुझे किसी चीज की तलाश है, सिवाय अच्छे काम के। (हंसती हैं) हालांकि मेरी बात आपको बेवकूफी भरी लगे, मगर जब आप प्रार्थना करते हैं,तब आपको ऊपरवाले से मोहब्बत होती है, प्यार होता है। मैं जब दरगाह शरीफ जाती हूं, तो वो भी मोहब्बत ही है। हालांकि ये बहुत ही निजी बात है, मगर प्यार आपको अपने माता-पिता से भी हो सकता है। औलाद से भी होता है। मुझे ऐसा कोई अकेलापन महसूस नहीं होता। मेरी बेटी आयशा है, जो मेरी अच्छी साथी है। आयशा के दोस्त भी मुझे अच्छी कंपनी देते हैं। मेरे अपने दोस्त हैं, घर-परिवार है। मैं अपने काम में भी मसरूफ रहती हूं। जहां तक पार्टनर की बात है, तो उसकी कमी नहीं, मगर हां कंपेनियनशिप की कमी जरूर खलती है। जहां तक मोहब्बत की बात है, तो बहुत बड़ी चीज है, मगर आजकल किसी भी चीज की क्या गैरंटी है? तो मैं यही सोचती हूं कि जैसी जिंदगी चल रही है, अच्छी ही चल रही है।



**बेटी आयशा के साथ सोशल मीडिया पर आपके पोस्ट काफी वायरल होते रहते हैं, एक सिंगल पैरेंट होना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण है?**

हम लोग तो सोशल मीडिया पर क्या ही करते रहते हैं। हम लोगों की बॉन्डिंग माशाल्लाह बहुत अच्छी है। मुझे अपनी बेटी पर गर्व है, जो कुछ आज वो बन पाई है। वो बहुत ही प्यारी बेटी है। मैं भी काफी अमेजिंग मां हूं। वो मुझे सोशल मीडिया पर फैशन के अलग-अलग ट्रेंड के बारे में बताती रहती कि ये पैंट्स या मेकअप इन है। ये पहनो, ये मत पहनो। एक सिंगल पैरेंट होना मेरे लिए जरा भी मुश्किल नहीं है, क्योंकि एक पॉइंट के बाद आपको आदत पड़ जाती है। वो आपकी जीवन शैली बन जाती है। वैसे भी पहले आयशा मेरे पैरेंट्स के पास थी, अब वो बहुत खुश रहा करती थी। फिर कुछ साल वो बोर्डिंग में रही, मगर उसने वहां भी इंजॉय किया। हां तकलीफ तब होती थी, जब मैं शूट करती होती और वो बीमार हो जाया करती थी। तब मैं बहुत बेचैन हो जाती थी। उससे मिलने जाती थी।

**आपकी फीड पर अक्सर जाने-माने एक्टर रोहित सराफ भी दिखते रहते हैं?**

हां, वो मेरी बेटी के दोस्त हैं और उन लोगों की दोस्ती काफी बचपन से है। ये बच्चे लोग हमेशा से हमारे घर पर आते-जाते रहते हैं। अब जबकि इन लोगों ने अपने-अपने नाम बना लिए हैं, तो सभी को नजर आते हैं। मगर मुझे खुशी है कि सभी अच्छा काम कर रहे हैं।

**क्या ये सच है कि मात्र 15 साल की उम्र में आप सनम बेवफा में सलमान खान की हीरोइन बनने वाली थीं? मगर निर्देशक के साथ स्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट के कारण आपने फिल्म छोड़ी?**

ये बहुत पुरानी बात हो गई है, मगर ये सच है कि वो कॉन्ट्रैक्ट कुछ अलग ही था। हालांकि अब तो वो लोग रहे भी नहीं। पर उसमें कुछ ऐसे क्लॉज थे, जो मेरे पैरेंट्स को नागवार थे और उन्होने उस पर साइन नहीं किया था। मैं तो माइनर थी उस वक्त, तो मेरे पैरेंट्स ही मेरा काम देखते थे। मेरे पिता आईएएस अफसर थे, तो उन्हें समझ थी कि इसका मुझ पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। उस फिल्म में जब दूसरी अभिनेत्री चांदनी को लिया गया, तो उनका नाम रुखसार ही रखा गया। असल में ये फिल्म मेरे साथ चार-पांच दिन शूट हो चुकी थी और मेरे किरदार का नाम रुखसार ही था, तो उन्हें चांदनी का नाम रुखसार ही रखना पड़ा। मगर चांदनी भी फिल्म में काफी खूबसूरत लगी हैं।

**आपको लगता है कि सलमान खान के साथ आपने अपना फ़िल्मी सफर शुरू किया होता, आज आपका करियर कुछ और होता?**

ये तो वही बात हुई, यों होता, तो क्या होता? मगर मैं मानती हूं कि आज मेरे पास जो कुछ भी है, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत अच्छा है। मुझे किसी चीज का मलाल नहीं। सालों बाद जब मैंने सलमान के साथ गॉड तुसी ग्रेट हो, में काम किया, तो बहुत मजा आया। वो बहुत अच्छे से मिले। वो बहुत रिस्पेक्ट देते हैं। उनके साथ काम करना यादगार रहा।

**आपकी खूबसूरती का राज क्या है? पचास बसंत पार करने के बावजूद आप इतनी खूबसूरत कैसे हैं?**

मेरी खूबसूरती का सारा श्रेय मेरे माता-पिता और मेरे जीन्स को जाता है। वैसे मैं नियमित रूप से योग और हेल्दी लाइफस्टाइल का पालन करती हूं। मैंने कोविड में योग डिस्कवर किया था और उससे मेरी फ्लेक्सिबिलिटी काफी अच्छी बन गई है। मैंने सांस पर भी काफी ध्यान देना शुरू किया है। योग मुझे मेडिटेशन का भी एक जरिया लगता है। योग मेरे वर्कआउट का अहम हिस्सा है। मैं जिम जाती हूं, लोहे के डंबल्स उठाती हूं। खाने-पीने का खयाल रखती हूं।

**आप स्पिरिचुअल चैट शो की तरफ क्यों आकर्षित हुईं?**

मुझे लगता है अध्यात्म की ओर मेरा हमेशा से झुकाव रहा है। असल में अध्यात्म तो हमारा मूल है। यही वजह है कि जब मेरे निर्माता आजिंक्य इस चैट शो द वेदाज स्पीक अवर स्प्रिचुअल टॉक का प्रस्ताव मेरे पास लेकर आए तो मुझे ये बहुत जंचा। इसमें वेदों की आध्यात्मिकता को आज के दौर से जोड़ा जाएगा। आज जब हर चीज को ग्रांटेड लेने लगे हैं, तो ऐसे में हम ग्रैटिट्यूड देना भूल गए हैं। यह चैट शो अध्यात्म के कई पहलुओं पर बात करेगा। यह एक बहुत बड़ी छतरी है और इसके अंतर्गत बहुत कुछ आता है। देखिए, धर्म जो है वो बहुत ही पर्सनल चीज होती है, जैसे माता-पिता, मगर अध्यात्म किसी भी रिलिजन या देश या परिवेश का मोहताज नहीं है। वो नूर आपको कहीं भी मिल सकता है। स्पिरिचुअलिज्म ने मुझे न केवल मजबूत बनाया बल्कि मेरे अंदर सुकून भी दिया।

# भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच आज से

## रेड्डी और आकाशदीप इंजर्ड, कम्बोज कर सकते हैं डेब्यू, शार्दूल की वापसी संभव

**नई दिल्ली।**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की प्लेइंग-11 में टीम इंडिया कम से कम 2 बदलाव तो जरूर करेगी। लॉर्ड्स टेस्ट खेलने वाले आकाशदीप और नीतीश कुमार रेड्डी इंजर्ड हो गए हैं। ऐसे में दोनों प्लेइंग-11 से बाहर होंगे। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दूल ठाकुर और अंशुल कम्बोज में से किन्हीं 2 प्लेयर्स को मौका मिल सकता है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में चौथा टेस्ट आज दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने पहला और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत ने दूसरा मुकाबला जीता था।

### टॉप ऑर्डर में करुण नायर की जगह तय नहीं

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ही चौथे टेस्ट में भी ओपनिंग करते नजर आएंगे। राहुल सीरीज में 2 सेंचुरी लगा चुके हैं, उन्होंने लॉर्ड्स में भी शतक लगाया था। वहीं यशस्वी के नाम भी सीरीज में एक सेंचुरी है। हालांकि, नंबर-3 पोजिशन पर खेलने वाले करुण नायर बाहर हो सकते हैं। नायर सीरीज की 6 पारियों में एक फिफ्टी तक नहीं लगा सके। उनका बेस्ट स्कोर 40 रन है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को फैसला लेना है कि उन्हें एक और मौका दिया जाए या नहीं। अगर करुण को बाहर किया गया तो साई सुदर्शन या ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। सुदर्शन ने पहला टेस्ट खेला था, लेकिन बाकी 2 मुकाबलों में उन्हें बाहर बैठाया गया। वहीं जुरेल ने पिछले मुकाबले में ऋषभ पंत के इंजर्ड होने के बाद विकेटकीपिंग की थी।

### नीतीश की जगह कौन खेलेगा?

नीतीश कुमार रेड्डी ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी बॉलिंग से प्रभावित किया था। उनकी ऑलराउंड स्किल को देखते हुए उन्हें चौथे टेस्ट में भी मौका जरूर मिलता। हालांकि, वे घुटने में इंजरी के कारण बाहर हो गए। उनकी जगह अब ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर या स्पिनर कुलदीप यादव में से किसी एक को मौका मिल सकता है। शार्दूल ने सीरीज का पहला मुकाबला खेला था, वहीं कुलदीप अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के रूप में टीम के पास 2 ऑलराउंडर पहले से हैं। जडेजा सीरीज में लगातार 4 फिफ्टी लगा चुके हैं। वहीं सुंदर ने पिछले टेस्ट की दूसरी पारी में 4 विकेट लेकर इंग्लैंड को 200 रन के अंदर समेट दिया था। सुंदर ने सीरीज में नंबर-8 पर बैटिंग की, लेकिन नायर को बाहर किया गया तो वे नंबर-3 पर भी उतर सकते हैं।

### मिडिल ऑर्डर में जुरेल की वापसी संभव

ऋषभ पंत लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग करने के दौरान इंजर्ड हो गए थे। ऐसे में वे चौथे टेस्ट में विकेटकीपर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। कप्तान शुभमन गिल नंबर-4 और पंत नंबर-5 पर बैटिंग करते हैं। नंबर-6 पोजिशन पर पिछले मुकाबले में रवींद्र जडेजा को मौका मिला था। हालांकि, पंत अगर विकेटकीपिंग नहीं कर सके तो ध्रुव जुरेल को बतौर विकेटकीपर प्लेइंग-11 में मौका देना पड़ सकता है। अगर उन्हें खिलाया गया तो नायर को बाहर बैठाया जा सकता है। इस कंडीशन में नंबर-3 पर वॉशिंगटन सुंदर या जुरेल में से किसी एक को मौका मिलेगा।

**आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध या कम्बोज :** सीरीज के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाशदीप तीसरे टेस्ट के दौरान ही इंजरी से जूझ रहे थे। प्रैक्टिस के दौरान उनकी चोट बढ़ गई, जिस कारण वे सीरीज से लगभग बाहर हो गए। उनकी जगह अब टीम में प्रसिद्ध कृष्णा या अंशुल कम्बोज को मौका मिल सकता है। प्रसिद्ध ने सीरीज में 2 टेस्ट खेले, वहीं कम्बोज अब तक डेब्यू नहीं कर सके। आकाशदीप की जगह जिस भी खिलाड़ी को मौका मिलेगा, उसे बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह का साथ मिलेगा। सिराज ने सीरीज के तीनों टेस्ट खेले, वहीं बुमराह अगर चौथा मुकाबला खेले तो यह सीरीज में उनका तीसरा टेस्ट होगा। वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए वे सीरीज में 3 ही टेस्ट खेल सकते हैं। ऐसे में अगर उन्होंने चौथा टेस्ट खेला तो वे आखिरी मुकाबला नहीं खेल पाएंगे।

**मैनचेस्टर टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 :** केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अंशुल कम्बोज।



### मैनचेस्टर टेस्ट में बारिश बन सकती है विलेन

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में फिलहाल मेजबान टीम ने 2-1 से बढ़त बना रखी है। इस सीरीज का चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर ओल्ड ट्रैफर्ड ग्राउंड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया इस मुकाबले को हर हाल में जीतना चाहेगी, ताकि सीरीज में फिर से वापसी की जा सके। वहीं, बेन स्टोक्स के नेतृत्व वाली इंग्लिश टीम इस मैच को जीतकर 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी। ऐसे में दोनों के बीच बेहद कड़ा और रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। लेकिन इस मैच में बारिश बाधा डाल सकती है।

#### मैनचेस्टर में पांचों दिन बारिश के आसार

द एक्यूवेदर चैनल के मुताबिक, मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के पांचों दिन बारिश होने की संभावना है। अगर ऐसा होता है तो तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल सकती है। इंग्लैंड में लगभग तीन महीनों से बारिश नहीं हुई है, अगर कहीं बारिश होने वाली है तो वह मैनचेस्टर ही होगा, जैसा कि हमेशा ऐसा होता है।

#### 23 जुलाई 15 प्रतिशत बारिश की संभावना

चौथे टेस्ट के पहले दिन को मैनचेस्टर में दिनभर बादल छाए रहेंगे। इसके साथ ही 15 प्रतिशत बारिश की संभावना भी जताई गई है। इस दौरान उत्तर-पश्चिम से करीब 14 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चलेगी। बुधवार को यहां न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। बारिश के चलते पहले दिन कुछ ओवर का खेल प्रभावित हो सकता है।


#### 24 जुलाई को भी बरसेंगे बादल

भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट के दूसरे दिन भी मैनचेस्टर के आसमान में बादल छाए रहेंगे। इसके साथ ही करीब 15 प्रतिशत बारिश की संभावना भी व्यक्त की गई है। इस दिन उत्तर-पश्चिम से करीब 15 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी। गुरुवार को मैनचेस्टर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाइना ओपन : पांच मैच पॉइंट बचाकर प्रणय दूसरे दौर में पहुंचे, लक्ष्य सेन की हार

**चांगझोऊ।**



भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमांचक जीत दर्ज करते हुए जापान के कोकी वतनबे को हरा दिया। पूर्व टॉप-10 खिलाड़ी और 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रणय ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की और पांच मैच पॉइंट बचाते हुए मुकाबला 8-21, 21-16, 23-21 से अपने नाम किया। पहले गेम में प्रणय पूरी तरह आउट ऑफ फॉर्म नजर आए और वतनबे ने 21-8 से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में प्रणय ने तेज मूवमेंट और सटीक नियंत्रण के दम पर वापसी करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक तीसरे गेम में प्रणय शुरुआत में 2-11 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर मुकाबले में वापसी की। इसके बावजूद वह 15-20 से पीछे थे और विपक्षी खिलाड़ी के पास पांच मैच पॉइंट थे, लेकिन प्रणय ने जबरदस्त संयम दिखाते हुए सभी मैच पॉइंट बचाए और 21-20 की बढ़त लेकर अंततः 23-21 से मैच अपने नाम कर लिया। जीत के बाद प्रणय ने कहा, मेरे करियर के इस पड़ाव पर हर जीत मायने रखती है। लंबे ब्रेक के बाद दोबारा टूर पर लौटकर अच्छा लग रहा है। अब हर राउंड जीतना पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है।

### 16 महीने बाद वीनस विलियम्स ने जीता पहला मैच, मार्च 2024 में जीता था आखिरी मुकाबला

**नई दिल्ली।**

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद अपना पहला पेशेवर टेनिस मैच जीत लिया है। विलियम्स ने हैली बैप्टिस्ट के साथ जोड़ी बनाते हुए डीसी ओपन के पहले दौर में डबल्स वाइल्ड कार्ड जोड़ी यूजिनी बूचार्ड और क्लरवी नगुनुए को शिकस्त दी। यह एक बड़ा उलटफेर था। 3-1 से पिछड़ने और ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बाद, वीनस और बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए आखिरी 12 में से 11 गेम जीते। साल 2022 में पहले दौर में हार के बाद, यह डीसी टूर्नामेंट में वीनस की दूसरी उपस्थिति है।

#### वीनस विलियम्स को मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

45 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर-1 वीनस विलियम्स ने इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। उन्होंने मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। उनकी पिछली जीत अगस्त 2023 में सिनसिनाटी ओपन में आई थी। वीनस ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, कोर्ट पर वापसी प्रेरणादायक थी। मुझे अब भी यह खेल बेहद पसंद है। मैं अब भी दमदार शॉट्स लगा रही हूं। मुझे पहले ही प्वाइंट से लग गया था कि हम एक अच्छी टीम हैं। हमें वर्षों पहले ही यह जोड़ी बना लेनी चाहिए थी।

### कार्लोस अल्कराज ने कनाडाई ओपन से नाम वापस लिया

**मॉन्ट्रियल।**

दुनिया के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी और पांच बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने अगले हफ्ते टोरंटो में होने वाले एटीपी कनाडाई ओपन से नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अल्कराज ने विंबलडन फाइनल में टॉप रैंक खिलाड़ी जैनिक सिनर से हार का सामना किया था। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी अल्कराज ने कहा, मुझे नेशनल बैंक ओपन (एटीपी कनाडाई ओपन)में हिस्सा नहीं ले पाने का बहुत दुख है। मैंने पूरी कोशिश की टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने की, क्योंकि यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक है, लेकिन विंबलडन के बाद रिकवरी में मुझे और समय चाहिए। मैं आयोजकों को शुभकामनाएं देता हूं और अगले साल कनाडा में खेलने की उम्मीद करता हूं। अल्कराज का कनाडा में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में रहा था, जब वह क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल से हार गए थे। टूर्नामेंट डायरेक्टर कार्ल हेल ने कहा, कार्लोस जैसे खिलाड़ी का टूर्नामेंट से हटना निराशाजनक है, क्योंकि फैंस उन्हें खेलते हुए देखना चाहते थे। हालांकि वह काफी समय से प्रो टूर पर हैं, लेकिन उनका करियर अभी भी शुरुआती दौर में है।

## आईसीसी महिला रैंकिंग : 11 शतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी स्मृति मंधाना नंबर-1 बल्लेबाज, हरमनप्रीत कौर को उठाना पड़ा नुकसान

**नई दिल्ली।**

आईसीसी की ओर से जारी ताजा महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को नुकसान उठाना पड़ा है, जबकि दीप्ति शर्मा 10 स्थान की छलांग लगाकर 23वें पायदान पर पहुंच गई हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की महिला वनडे सीरीज में पहले दो मुकाबले रोमांचक होने और आखिरी मैच के साथ निर्णायक दौर में पहुंचने का असर रैंकिंग पर दिखा। इंग्लैंड के खिलाफ महिला वनडे सीरीज के पहले दो मैच में बल्ले से भारतीय कप्तान हरमनप्रीत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जिसमें उन्होंने क्रमशः 17 और 7 रन रन बनाए थे। इस खराब प्रदर्शन के चलते हरमनप्रीत कौर 5 स्थान लुढ़क महिला बल्लेबाजी रैंकिंग में 21वें पायदन पर पहुंच गई, जबकि दीप्ति शर्मा पहले वनडे में नाबाद 62 रन की पारी के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सबसे बड़ी छलांग लगाने वालों में से एक थीं, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला और उन्होंने भारत को 259 रनों के सफल लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत की तरफ 104 महिला वनडे मैच में 46.35 की औसत 4543 रन बनाने वाली



और इन मुकाबलों में 11 शतक लगाने वाली स्मृति मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ महिला वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में क्रमशः 28 और 42 का स्कोर बनाया, जबकि उनकी रेटिंग 727 बनी हुई हैं। भारत के खिलाफ खेले गए पहले महिला वनडे मैच में 92 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेलने वाली सोफिया डंकले ने इंग्लैंड को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके चलते उनकी बल्लेबाजी रैंकिंग में उछाल देखने को मिला। अब सोफिया डंकले 24 स्थानों की छलांग लगाकर 52वें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, भारत के खिलाफ 53 रनों की पारी खेलने वाली एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स 40 स्थान ऊपर चढ़कर 118वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

**आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग :** आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ने भारत के खिलाफ अब तक महिला वनडे सीरीज में चार विकेट लेकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जिसमें दूसरे महिला वनडे में 27 रन देकर 3 विकेट लेने वाली प्लेयर ऑफ द मैच भी शामिल है। सोफी एक्लेस्टोन की रेटिंग 747 से बढ़कर 776 हो गई, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी एशले गार्डनर (724) और मेगन स्कट (696) पर बढ़त बना ली, जो शीर्ष तीन में शामिल हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच महिला वनडे सीरीज में स्पिनरों का दबदबा रहा है। इंग्लैंड की चार्ली डीन और भारत की स्पेन राणा ने 3-3 विकेट चटकाए हैं। इसका फायदा आईसीसी की ओर से जारी महिला वनडे बॉलिंग रैंकिंग में देखने को मिला है, जहां इंग्लैंड की चार्ली डीन दो पायदान चढ़कर 625 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ 9वें स्थान पर पहुंचकर टॉप-10 में पहुंच गई हैं, जबकि भारत की स्नेह राणा 12 पायदान की छलांग लगाकर 21वें स्थान पर पहुंग गई है और यह उनकी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 515 भी है।

#### आईसीसी महिला वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग

आईसीसी महिला वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में चार्ली डीन ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अब वह ऑट्रेलिया की एलिस पेरी के साथ संयुक्त रूप से 14वें नंबर पर काबिज हो गई हैं। वहीं, भारत के खिलाफ महिला वनेड सीरीज के पहले मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 23 रनों की तेज पारी और सीरीज में चार विकेट लेने के साथ सोफी एक्लेस्टोन ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

#### आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग

आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्लेयर रैंकिंग में आयरलैंड की खिलाड़ियों ने घरेलू मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के पहले टी-20 मैच में जीत के बाद उल्लेखनीय लाभ हासिल किया है। कप्तान गैबी लुईस आयरलैंड के 118 रनों के सफल पीछा में 49 गेंदों में 67 रनों की पारी खेलने के बाद आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय बॉलिंग रैंकिंग में अर्लीन केली (2/10) और कारा मरे (3/19) ने जिम्बाब्वे को 117/9 पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। केली दो पायदान चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि मरे चार स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर काबिज हो गई हैं।

## फीडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी

### दिव्या और कोनेरू की चीनी खिलाड़ियों से होगी भिड़ंत...

**नई दिल्ली।**

भारतीय महिला शतरंज को फीडे विमेंस वर्ल्ड कप 2025 में बड़ी सफलता मिली है। जॉर्जिया के बटुमी में चल रहे टूर्नामेंट में कोनेरु हम्पी और दिव्या देशमुख दोनों सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। यह पहली बार है जब दो भारतीय महिला खिलाड़ी एक साथ इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के टॉप-4 में पहुंची हैं।

**हरिका को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं दिव्या देशमुख :** सोमवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दिव्या देशमुख ने हमवतन ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणावल्ली को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। दोनों के क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ



रहे, जिसके बाद फैसला टाई ब्रेक में हुआ। यहां दिव्या ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों बाजियां अपने नाम कीं। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला चीन की तान झोंगयी से होगा।

**कोनेरू हम्पी ने सॉन्ग युक्सिन को दी मात :** कोनेरू हम्पी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की सॉन्ग युक्सिन को हराकर फीडे विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने पहला गेम जीतकर बढ़त बनाई, जबकि दूसरा गेम ड्रॉ रहा। अब सेमीफाइनल मुकाबले में हम्पी का सामना एक और चीनी खिलाड़ी लेई टिंगजी से होगा।

**चार भारतीयों ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश :** फीडे विमेंस वर्ल्ड कप 2025 में भारत के लिए यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक साबित हुआ है। पहली बार चार भारतीय महिला खिलाड़ी कोनेरू हंपी, हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह भारतीय महिला शतरंज के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। आर. वैशाली का सफर क्वार्टर फाइनल में आकर थम गया। उन्हें चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी तान झोंगयी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले वैशाली ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनोवा को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था।

### आगामी घरेलू सत्र से पहले करुण नायर ने लिया बड़ा फैसला, विदर्भ से कर्नाटक टीम में दोबारा लौटेंगे

**बंगलूरू।**

भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र से पहले बड़ा फैसला लिया है। करुण तीन साल बाद कर्नाटक टीम में वापस लौटेंगे। विदर्भ क्रिकेट संघ ने करुण को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है जिसके बाद करुण के लिए कर्नाटक टीम में लौटने का रास्ता साफ हो गया है। करुण फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर हैं।

**विदर्भ को खिताब दिलाने में निभाई अहम भूमिका :** नायर ने 2024-25 सीजन में विदर्भ को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 53 के औसत से 863 रन बनाए थे और केरल के खिलाफ फाइनल में शतक भी



लगाया था। करुण घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन की मदद से ही आठ साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे। विदर्भ क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, पिछले कुछ सीजन में वह हमारी टीम का अहम हिस्सा रहे उनके जाने का दुख तो है ही, लेकिन यह उनका फैसला है और हम इसका सम्मान करते हैं। हमने उन्हें एनओसी दे दी है। उम्मीद है कि आने वाले सीजन में भी वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन म्ब्यूमो के साथ किया 5 साल का अनुबंध, राशि सुन चौंक जाएंगे आप

**नई दिल्ली।**

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 750 करोड़ भारतीय रुपए) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है। कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था।

**मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था :** म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा कि जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है। मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे



यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है। हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

**पिछले सीजन में बनाया चौथे सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड :** म्ब्यूमो गुरुवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है। ब्रायन म्ब्यूमो ने ब्रेंटफोर्ड के लिए 242 मुकाबलों में 70 गोल करने के साथ 51 असिस्ट दिए। इनमें से 20 गोल पिछले सीजन में आए। पिछले सीजन में 25 वर्षीय म्ब्यूमो ने प्रीमियर लीग में 20 गोल दागे, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड था। इसके साथ ही उन्होंने 8 असिस्ट भी दिए। ब्रेंटफोर्ड के शीर्ष लीग में प्रमोशन के बाद से म्ब्यूमो ने प्रति सीजन औसतन 18 गोल किए, जो एक बेहद प्रभावशाली रिकॉर्ड है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के फुटबॉल डायरेक्टर जेसन विलकॉक्स ने कहा कि प्रीमियर लीग में ब्रायन का गोल और असिस्ट का रिकॉर्ड असाधारण है।

# एसबीआई कार्ड और फोनपे ने लॉन्च किया को-ब्रांडेड फोनपे एसबीआई कार्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के सबसे बड़ी प्योर–प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने आज फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड (PhonePe SBI Card) लॉन्च करने की घोषणा की। इसे नए को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोज़मर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट में आता है- फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल और फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक, जो ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और लाइफस्टाइल खर्चों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इसके अतिरिक्त, इस कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड के दोनों वेरिएंट रूपे और वीज़ा पेमेंट नेटवर्क पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को उनकी ज़रूरतों के हिसाब से सबसे अच्छा नेटवर्क चुनने का विकल्प मिलता है। रूपे कार्ड को यूपीआई से भी जोड़ा जा सकता है और देश भर में लाखों




यूपीआई मर्चेंट्स के साथ लेनदेन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। वीज़ा वेरिएंट को फोनपे पर टोकनाइज़ किया जा सकता है और कई ऑनलाइन मर्चेंट्स के साथ सुरक्षित रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है।

नए फोनपे SBI कार्ड के साथ, ग्राहक विभिन्न रोज़मर्रा के लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं, जिसमें किराना, बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, यूटिलिटी भुगतान, बीमा प्रीमियम भुगतान, और ऑनलाइन व ऑफलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर बहुत कुछ शामिल है। फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक कार्डधारक आवश्यक और बार–बार होने वाले फोनपे इन–ऐप लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 10ग तक वैल्यू बैक अर्जित कर सकते हैं। ग्राहक अन्य प्लेटफॉर्म पर अपने सभी ऑनलाइन खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 5ग तक वैल्यू बैक भी प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा फोनपे एसबीआई कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया को फोनपे ऐप में ही एकीकृत किया गया है। ग्राहक डिजिटल आवेदन के माध्यम से आसानी से कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। ग्राहक फोनपे ऐप का उपयोग करके खरीदारी कर सकते हैं और अपने क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान भी फोनपे प्लेटफॉर्म पर ही कर सकते हैं। इस लॉन्च के अवसर पर एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, सलिला पांडे ने कहा, फ्नभारत में डिजिटल भुगतान में तेज़ी से वृद्धि हो रही है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती सुविधा और पहुंच से प्रेरित है। फोनपे के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी क्रेडिट कार्ड के उपयोग को और अधिक लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें एसबीआई कार्ड की गहरी डोमेन विशेषज्ञता और फोनपे के व्यापक डिजिटल नेटवर्क का मेल है।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. .........../अ - 74/ वर्ष 2024-25

ग्राम- अकोलीकला प.ह.नं.-36 तहसील आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका रेखा डहरिया पिता दुजराम जाति सतनामी निवासी ग्राम अकोलीकला तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम अकोलीकला प.ह.नं.36 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 273/6 रकबा 0.40 हे. भूमि दुजराम पिता सुखराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका असावधानीपूर्वक गुम हो जाने के कारण आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी करने हेतु आवेदन सह–पत्र सहित इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 02/08/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल, रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. ..... 202507114300017/ 230 वर्ष 2024-25

नवीनीकरण अ-20(1)

पेशी दिनांक 05,08,2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता भटनागर पति श्री विजेंद्र भटनागर निवासी पुष्पक अपार्टमेंट बी–3 गवर्नमेंट स्कूल के सामने रायपुर के अधिवक्ता द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन रायपुर स्थित ब्लाक नंबर 17 भूखण्ड क्रमांक 15/2, 17/2 रकबा 4521.25 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि 31/03/2022 को समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 05/08/2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक–07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. /202507114500024/अ-6/2024-25

रायपुर, दिनांक 15/07/2025

ग्राम-सोनडोंगरी प.ह.नं. 36

तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक उदय राम साहू पिता बिसहत साहू निवासी–सोनडोंगरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में उपरोक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में 01. सेवाराम, सेवती पिसरान स्व. रामकिशुन साहू 02. उदयराम, शंकर, कामता, पावर्ती, चिन्ताबाई पिसरान स्व. बिसरत, 03. परसराम, दयाराम, चैनकुमार, मैनाबाई, धानबाई, कृष्णाबाई. भागवती, परमिला, मालाबाई पिसरान स्व. फिरंता के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम सोनडोंगरी प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 392/2, रकबा 0.0360 हे. भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी सहखातेदार सेवाराम साहू पिता स्व. राककिशुन साहू की मृत्यु 12/02/2022, को हो चुका है एवं उनकी धर्मपत्नि बिन्दाबाई साहू पति स्व. सेवाराम साहू की मृत्यु हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान उनकी पुत्री केशरी पिता स्व. सेवाराम साहू है अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है सह खातेदार स्व. शंकर साहू पिता स्व. बिसहत राम साहू की मृत्यु दिनांक 01/04/2018 को हो चुकी है. जिसके विधिक वारिसान मृतक की धर्मपत्नि नीरा बाई साहू पति स्व. शंकर साहू, कौशल प्रसाद साहू, गोविन्द साहू, बलराम साहू सीता साहू सभी पिता स्व. शंकर साहू है अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है एवं सहखातेदार परसराम साहू पिता स्व. फिरंता साहू की मृत्यु दिनांक 30/04/2019 को हो चुकी है, जिसके विधिक वारिसान मृतक की धर्मपत्नि कुमारी बाई पति स्व. परसराम साहू, बलदाउ साहू, हीरालाल साहू, कोमल साहू, गीता साहू सभी पिता स्व. परसराम साहू है, अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर मृतक के वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 31/07/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 31/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. /202507114500025/अ-6/2024-25

रायपुर, दिनांक 15/07/2025

ग्राम-सोनडोंगरी प.ह.नं. 36

तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक उदय राम साहू पिता बिसहत साहू निवासी–सोनडोंगरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में उपरोक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में 01. उदयराम, शंकर, कामता, पावर्ती, चिन्ताबाई सभी पिसरान स्व. बिसहत राम साहू, 02. परसराम, दयाराम, चैनकुमार, मैनाबाई, धानबाई, कृष्णाबाई, भागवती, परमीला, मालाबाई पिसरान स्व. फिरंता, 03. सेवाराम पिता रामकिशन साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम सोनडोंगरी प.ह.नं. 36, रा.नि. मं रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 399/1, रकबा 0.0120 हे. एवं 512 रकबा 0.0200 हे. भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी सहखातेदार शंकर साहू पिता स्व. बिसहत राम साहू की मृत्यु 01/04/2018, को हो चुका है जिसके विधिक वारिसान उनकी धर्मपत्नि निराबाई साहू पति स्व. शंकर साहू, कौशल प्रसाद साहू, गोविंद साहू, बलराम साहू, सीता साहू, सभी पिता स्व. शंकर साहू है अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है सहखातेदार स्व. सेवाराम साहू पिता स्व. राककिशुन साहू की मृत्यु दिनांक 12/02/2022 को हो चुकी है. एवं उनकी धर्मपत्नि बिन्दाबाई पति सेवाराम साहू की मृत्यु हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान उनकी पुत्री केशरी पिता स्व. सेवाराम साहू है अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है एवं सहखातेदार परसराम साहू पिता स्व. फिरंता साहू की मृत्यु दिनांक 30/04/2019 को हो चुकी है, जिसके विधिक वारिसान मृतक की धर्मपत्नि कुमारी बाई पति स्व. परसराम साहू, बलदाउ साहू हीरालाल साहू, कोमल साहू गीता साहू सभी पिता स्व. परसराम साहू है. अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर मृतक के वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 31/07/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 31/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. .........../अ - 27/ वर्ष 2024-25

ग्राम- लखौली प.ह.नं.-33

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम लखौली प.ह.नं.33 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित संयुक्त खाते की भूमि खसरा नंबर 1105/2 रकबा 1.20 हे. भूमि शकुन चंद्राकर पित स्व. घनश्याम चंद्राकर वगैरह के नाम पर दर्ज है। आवेदिका एवं अनावेदिका के संयुक्त नाम पर दर्ज होने के कारण अपने–अपने हिस्से की भूमि को पृथक–पृथक कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है। आवेदिका एवं अनावेदिका के मध्य हल्का पटवारी द्वारा फर्द बंटवारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें पक्षकार क्रमांक 01 अहिल्या पति स्व. घनश्याम चंद्राकर खसरा नंबर 1105/2 का टुकड़ा रकबा 0.60 हे. भूमि पक्षकार क्रमांक–02 शकुन पति स्व. घनश्याम चंद्राकर खसरानंबर 1105/2 का टुकडा रकबा 0.60 हे. भूमि का फर्द बंटवारा प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/07/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दाया आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

# डोडला डेयरी का मुनाफा 3.4 प्रतिशत गिरकर 62.8 करोड़ रहा




**नई दिल्ली (प्रतिदिन राजधानी)।**

हैदराबाद की कंपनी डोडला डेयरी ने सोमवार को वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा अप्रैल–जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत गिरकर 62.8 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष 25 की समान अवधि में 65 करोड़ रुपए था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में कर से पहले मुनाफा 80.98 करोड़ रुपए पर था, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 92.80 करोड़ रुपए था।

कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 26 की अप्रैल–जून अवधि में कंपनी की आय सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1,007 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं, अन्य आय 0.99 करोड़ रुपए रही है, जिसके कारण समीक्षा अवधि में कंपनी की कुल आय बढ़कर 63.87 करोड़ रुपए हो गई है। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में परिचालन आधार पर कंपनी का प्रदर्शन कमजोर रहा है। ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 22 प्रतिशत कम होकर 83 करोड़ रुपए रह गया है। इसकी वजह कंपनी के मार्जिन कम होने को माना जा रहा है, जो कि वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में कम होकर 8.2 प्रतिशत हो गए है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 11.5 प्रतिशत पर थे। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही के दौरान डोडला डेयरी के खर्चों में कच्चे माल की लागत 710.61 करोड़ रुपए, इन्वेंट्री में बदलाव की लागत 36.72 करोड़ रुपए, कर्मचारी खर्च 47.14 करोड़ रुपए, वित्तीय लागत 0.69 करोड़ रुपए और मूल्यह्रास एवं परिशोधन की लागत 17.77 करोड़ रुपए थी। नियामक फाइलिंग के अनुसार, अन्य खर्च 129.88 करोड़ रुपए रहा है। नतीजों की घोषणा के बाद, डोडला डेयरी के शेयरों में इंट्रा–डे ट्रेडिंग सत्र के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई ख़बर लिखे जाने तक शेयर 122 रुपये या 8.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,327 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इसके अतिरिक्त, कंपनी के बोर्ड ने रजनी कुमार केवीवीएस को वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक (एसएमपी) और उत्पादन एवं रखरखाव का प्रमुख नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति 21 जुलाई से प्रभावी होगी।

# 2026 के लिए ऐप्लीकेशन विंडो खुली छात्रों के लिए 250 से अधिक बी-स्कूलों में एमबीए/पीजीडीएम में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वर्षों की धरोहर के साथ ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (XAT) भारत में एमबीए/पीजीडीएम में प्रवेश के लिए सबसे प्रतिष्ठित एवं भरोसेमंद प्रवेश परीक्षा है। ज़ेवियर एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेन्ट इंस्टीट्यूट (XAMI) की ओर से XLRI– ज़ेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा संचालित XAT 2026 का आयोजन रविवार 4 जनवरी 2026 को होगा और वर्तमान में इसके लिए रजिस्ट्रेशन &atonline.in पर जारी हैं।




XAT को देश भर के 250 से अधिक टॉप बी–स्कूलों में स्वीकार किया जाता है। इसके अलावा परीक्षा की एक और खासियत है, जो इसे सबसे अलग बनाती है– समग्र एवं एप्टीट्यूड आधारित मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से मैनेजमेन्ट प्रतिभा को बढ़ावा देना। 75 सालों से मजबूत, लीडरशिप की विरासत 75 सालों की धरोहर के साथ XAT देश की एकमात्र एमबीए/ पीजीडीएम एंट्रेन्स परीक्षा है, जिसने एमबीए/ पीजीडीएम के महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों के लिए गोल्ड स्टैण्डर्ड स्थापित किए हैं। XLRI शुरुआत से ही इस परीक्षा का संचालन करता रहा है, तथा छात्र–उन्मुख अखंडता के कोर मूल्यों को बनाए रखते हुए शिक्षा एवं उद्योग जगत की बदलती ज़रूरतों के अनुसार परीक्षा में बदलाव लाता रहा है। ÒXAT न सिर्फ एक प्रवेश परीक्षा है, बल्कि उत्कृष्टता की परम्परा है जिसने 75 सालों से लीडर्स को आकार दिया है। XAT 2026 के साथ हम न सिर्फ इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं बल्कि आज के दौर की बदलती ज़रूरतों के अनुसार अपने आप को ढाल भी रहे हैं। हमारा उद्देश्य एक परीक्षा से बढ़कर अनुभव प्रदान करना है। हम पहले ही दिन से छात्रों को मार्गदर्शन एवं ज़रूरी सहयोग प्रदान करना चाहते हैं।' प्रोफेसर राहुल शुक्ला, कन्वेनर, XAT 2026 ने कहा। देश भर में परीक्षा केन्द्र: छात्रों के लिए अपने घर के नज़दीक रहते हुए परीक्षा देने का मौका XAT 2026 का संचालन देश भर के 100 से अधिक शहरों में किया जाएगा, ऐसे में यह परीक्षा महानगरों के साथ–साथ छोटे शहरों के उम्मीदवारों के लिए भी सुलभ होगी। आप किसी बड़े शहर में हैं या छोटे नगर में, सुनिश्चित करता है कि आपको नज़दीकी परीक्षा केन्द्र का एक्सेस मिले। परीक्षा का आयोजन इन शहरों में होगा– आगरा, अहमदाबाद, अजमेर, अलीगढ़, अलाहाबाद, अंबाला, अमरावती, अमृतसर, अनंतपुर, आरा, औरंगाबाद सिटी (महाराष्ट्र), बद्दी, बालासोर, बरेली, भटिंडा, भागलपुर, भिलाई नगर, भोपाल, भुवनेश्वर, बीकानेर, बिलासपुर, बैंगलुरु, बेरहामपुर, चंडीगढ़/मोहाली, चेन्नई, चिक्काबल्लापुर, कोयंबटूर, कटक, दरभंगा, दावणगेरे, देहरादून, दिल्ली–एनसीआर, धनबाद, दुर्गापुर, ग्वालियर, हल्द्वानी, हज़ारीबाग़, हिसार, हुगली, हुबली, हैदराबाद, इंदौर,

जबलपुर, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जमशेदपुर, जोधपुर, जोरहाट, कालाबुरागी (गुलबर्गा), कल्याणी, कन्नूर, कानपुर,

करीमनगर, कोल्हापुर, कोलकाता, कोटा, कोट्टायम, कुरनूल, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, मदुराई, मैंगलोर, मेहसाणा,

मोरादाबाद, मुज़फ्फरनगर, मुज़फ्फरपुर, मुंबई, मैसूरु (मैसूर), नागपुर, नाहरलागुन, नांदेड़, नासिक, पटियाला,

पटना, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, रांची, रूड़की, राउरकेला, सालेम, संबलपुर, शिमला, शिलांग, सीकर,

सिलीगुड़ी, सूरत, तेजपुर, तिरुवनंतपुरम, तिरुचिरापल्ली, तिरुपती, तिरुवल्लुर, उदयपुर, उडुपी, उज्जैन, वडोदरा,

वाराणसी, वेल्लोर, विजयवाड़ा, विशाखापटनम।

ङ्गअ को क्यों चुनें?

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पहली तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली (प्रतिदिन राजधानी)।**

वित्त वर्ष 2025–26 की अप्रैल–जून तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) के दौरान भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 47 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 12.41 अरब डॉलर हो गया है। इस दौरान रेडी–मेड गारमेंट्स (आरएमजी) के निर्यात में भी करीब 9 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दी गई है।




वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के दौरान भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात के लिए अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन शीर्ष तीन प्रमुख गंतव्य बनकर उभरे हैं। कुल इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 60.17 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी के साथ अमेरिका इस सूची में शीर्ष स्थान पर था।

यूएई 8.09 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन 3.88 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर था। अन्य प्रमुख निर्यात गंतव्यों में नीदरलैंड और जर्मनी शामिल हैं, जिनकी हिस्सेदारी क्रमशः 2.68 प्रतिशत और 2.09 प्रतिशत है।

वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का बढ़ना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। यह एशिया में एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के रूप में देश के उभरने को भी दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, अप्रैल–जून तिमाही में भारत का रेडी–मेड गारमेंट्स (आरएमजी) का निर्यात 8.81 प्रतिशत बढ़कर 4.19 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3.85 अरब डॉलर था।

अमेरिका भारत के आरएमजी का भी एक प्रमुख खरीदार भी है। अप्रैल–जून तिमाही के दौरान, अमेरिका की कुल आरएमजी निर्यात में हिस्सेदारी 34.11 प्रतिशत रही, इसके बाद यूके की 8.81 प्रतिशत, यूएई की 7.85 प्रतिशत, जर्मनी की 5.51 प्रतिशत और स्पेन की 5.29 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

अधिकारियों ने बताया कि कुशल श्रमिकों, विविध उत्पाद श्रृंखलाओं और गुणवत्ता व समय पर डिलीवरी के लिए बढ़ती प्रतिष्ठा के कारण भारत का कपड़ा और परिधान उद्योग वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

पूरे वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए, भारत का आरएमजी निर्यात 10.03 प्रतिशत बढ़कर 15.99 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023–24 में यह 14.53 अरब डॉलर था।

भारत के समुद्री निर्यात में भी सकारात्मक रुझान देखा गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में समुद्री खाद्य निर्यात 19.45 प्रतिशत बढ़कर 1.95 अरब डॉलर हो गया।

पूरे वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए, समुद्री निर्यात 7.41 अरब डॉलर रहा, जो 4.5 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है।

वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अमेरिका भारतीय समुद्री खाद्य का सबसे बड़ा आयातक रहा और इस दौरान उसकी हिस्सेदारी कुल निर्यात में 37.63 प्रतिशत रही है।

अन्य महत्वपूर्ण बाजारों में 17.26 प्रतिशत के साथ चीन, 6.63 प्रतिशत के साथ वियतनाम, 4.47 प्रतिशत के साथ जापान और 3.57 प्रतिशत के साथ बेल्जियम शामिल थे।

अधिकारियों ने समुद्री खाद्य निर्यात में वृद्धि का श्रेय बेहतर कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स, उत्पाद विविधीकरण और वैश्विक गुणवत्ता मानकों के पालन को दिया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22627/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025

रायपुर दिनांक 22/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22627

वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR332B00162 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANIL BAJAJ S/O LT. RAM PRASAD BAJAJ, पिता/पति श्री/श्रीमती RASHMI BAJAJ W/O ANIL BAJAJ के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती कौशिल्या देवी सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती पति राधेश्याम सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22628/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025

रायपुर दिनांक 22/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22628

वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR332B0162B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NISHANT SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती O.P. SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती प्राची सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती पति शिव नारायण सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22764/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025

रायपुर दिनांक 22/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22764

वार्ड का नाम-48- गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR344K00251 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIVEK KUMAR SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती V. K. SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती निशा साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पति चन्द्रशेखर साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22603/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025

रायपुर दिनांक 22/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22603

वार्ड का नाम-31- नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328R0742A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. PRATIMA MAHANAND पिता/पति श्री/श्रीमती SANDEEP MAHANAND के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SAYYED ZIYAUDDIN पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SAYEED JAMILUDDIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22625/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025

रायपुर दिनांक 22/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22625

वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR332B00137 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SATPAL SINGH KHANDUJA, UJAGAR SINGH KHANDUJA पिता/पति श्री/श्रीमती RAGHUVIR SINGH KHANDUJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री अशोक कुमार भोजवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. मितरोमल भोजवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# आठ प्रमुख उद्योगों ने जून में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि की दर्ज

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार के आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक जून महीने में पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में 1.7 प्रतिशत बढ़ा। स्टील, सीमेंट और रिफाइनरी प्रोडक्ट के उत्पादन में पिछले महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।



मंत्रालय ने कहा, मई 2025 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही। अप्रैल से जून, 2025–26 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.3 प्रतिशत (अनंतिम) है। पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन जून में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत बढ़ा। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जून, 2025–26 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में स्थिर रहा। जून में इस्पात उत्पादन में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से जून, 2025–26 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.0 प्रतिशत बढ़ा। इस बीच, सीमेंट उत्पादन में पिछले महीने 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से जून, 2025–26 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.4 प्रतिशत बढ़ा। आईसीआई आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है, जिसमें कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली उद्योग शामिल है।

आठ प्रमुख उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। इस बीच, जून, 2025 में बिजली उत्पादन जून, 2024 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम हुआ।

# छत्तीसगढ़ की पहली पारम्परिक लोक पर्व हरेली

धनंजय राठौर (संयुक्त संचालक)।

**रायपुर।** भारत विविधताओं का देश है। भारत देश में एक नीले आसमान के नीचे कई समृद्ध संस्कृति फल-फूल रही हैं। भारत की अनेकताओं में कुछ त्यौहार ऐसे हैं ,जो सारे देश को एक साथ जोड़ते हैं। छत्तीसगढ़ संस्कृति में त्यौहारों, पर्वो का विशेष महत्व है। इन त्यौहारों के क्रम में पहला त्यौहार हरेली का है। इसलिये कहा गया छत्तीसगढ़ संस्कृति परम्परा का त्यौहार हरेली। हरेली त्यौहार को श्रावण मास के कृष्ण पक्ष अमावस्या में मनाया जाता है। हरेली त्यौहार किसान और सभी छत्तीसगढ़वासियो का त्यौहार है। हरेली मतलब प्रकृति के चारों तरफ हरियाली से है। किसान खेत में जुताई- बोआई, रोपाई, बियासी के कार्य पूर्ण करके इस त्यौहार का मनाता है। हरेली त्योहार की जड़ें छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि विरासत में हैं, जहाँ इसे लंबे समय से कृषि देवताओं के प्रति सम्मान के रूप में मनाया जाता रहा है। मानसून की शुरुआत में मनाया जाने वाला हरेली, बुवाई के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है और लोगों और उनकी जमीन के बीच गहरे बंधन को दर्शाता है। पीढ़ियों से चला आ रहा यह त्यौहार पारंपरिक रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को कायम रखता है और इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान की एक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है।








## प्रकृति की पूजा का विधान

हरेली मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है, जो जमीन और जीवन को सहारा देने वाले औजारों के प्रति कृतज्ञता की भावना को उजागर करता है। परंपरागत रूप से इस त्योहार को सांप्रदायिक संबंधों को मजबूत करने और कृषि एवं प्राकृतिक दुनिया की देखरेख करने वाली दिव्य शक्तियों का सम्मान करने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है। सावन माह की अमावस्या पर होने वाली हरेली त्यौहार को साल की पहली त्यौहार के रूप में मनाते हैं। लगातार बारिश से खेतों की शुरुआती जुताई-रोपाई का काम होने पर खेतों में हरियाली बरकरार रहने के लिए, इस त्यौहार को मनाया जाता है।

## कृषि औजारों की पूजा

छत्तीसगढ़ के किसान हरेली त्यौहार के दिन गाय बैल भैंस को भी साफ सुथरा कर नहलाते हैं। अपनी खेती में काम आने वाले औजारों को हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को धोकर और घर के बीच आंगन में रख दिया जाता है या आंगन के किसी कोने में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं और उसकी पूजा की जाती है साथ ही अपने कुलदेवता की भी पूजा की जाती है।







## घरों में अराध्य देवी-देवताओं पूजा

### घर-घर बनते पकवान

माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं और कृषि औजारों को धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। अपने-अपने घरों में अराध्य देवी-देवताओं के साथ पूजा करते हैं। हरेली के बच्चे गेंड़ी का आनंद लेते हैं। इस अवसर पर सभी के घरों में विशेष प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं। चावल के आटे से बनी चीला रोटी को इस दिन लोग खूब चाव से खाते हैं। कोई इसे नमकीन बनाता है, तो कोई इसे मीठा भी बनाते हैं। यह खाने वालों की पसंद के ऊपर होता है। इस तरह से यह त्यौहार परम्पराओं से भरी हुई है। हरेली तिहार के दिन सभी लोग अपने-अपने दरवाजा पर नीम टहनी तोड़ कर टांग देते है और इसी बहुत गेंड़ी खेल का आयोजन शुरु हो जाता है. हरेली तिहार के दिन सुबह से ही बच्चे से लेकर युवा तक 20 या 25 फिट तक गेंडी बनाया जाता है. उसी दिन सभी युवा एवं बच्चे गेंडी चढ़ते है गावं में घूमते है. बच्चों और युवाओं के बीच गेंड़ी दौड़ प्रतियोगिता भी की जाती है।

### अनिष्ट की रक्षा का पर्व

हरेली तिहार के दिन पूजा करने से पर्यावरण शुद्ध और सुरक्षित रहता है और फसल उगती है तो किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं लगती है. हरेली तिहार मनाने से फसल को हानिकारक किट तथा अनेको बीमारिया नही होती है इसलिए हरेली तिहार मनाया जाता है. हरेली त्यौहार के दौरान छत्तीसगढ़ के लोग अपने-अपने खेतों में भेलवा पेड़ की शाखाएँ लगाते हैं। वे अपने घरों के प्रवेश द्वार पर नीम के पेड़ की शाखाएँ भी लगाते हैं। नीम में औषधीय गुण होते हैं जो बीमारियों के साथ-साथ कीड़ों को भी रोकते हैं। लोहार हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर आशीष देते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है। हरेली पर्व में, गांव और शहरों में नारियल फेंक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है. सुबह पूजा-अर्चना के बाद, गांव के चौक-चौराहों पर युवाओं की टोली एकत्रित होती है और नारियल फेंक प्रतियोगिता खेली जाती है. इस प्रतियोगिता में, लोग नारियल को फेंककर दूरी का मापन करते हैं. नारियल हारने और जीतने का सिलसिला रात के देर तक चलता है, और यह एक रंगीन और आनंदमय गतिविधि होती है।



### हरेली त्योहार लिखी गई कविता

हरेली के रंग,
छत्तीसगढ़ के संग
हरे-भरे खेत, हरियाली छाई,
आज हरेली, खुशियाँ लाई।
किसानों का त्यौहार, प्रकृति
का उपहार।
नांगर, गैंती, कुदाली, सबकी
पूजा, आज निराली।
पशुधन भी पूजे जाते, गौ
माता को भोग लगाते।
गुड़ का चीला, ठेठरी-खुरमी,
मिठाई का स्वाद, घर-घर घूमी।
खुशियों से आंगन महके,
मन में उमंग सब।
जड़ी-बूटी का लेप, बीमारी
भागे, मिले सुख-चैन।
हरेली के रंग, छत्तीसगढ़
के संग।

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है भारत की अंतरिक्ष यात्रा

डॉ. जितेन्द्र सिंह।



इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई-जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब माँगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए,मरम्मत पर जोर दियाऔर ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ़ एक मिशन की रक्षा की बल्कि—एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह न सिर्फ़ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भीभारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए। यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटीप्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तबर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहाँ पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहाँ यह समझना कि माइक्रोग्रैविटीमें भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

### इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन

इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है। शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएँ अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा।

### अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि

ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटीके संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें। यहाँ तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है – जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है-चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहाँ भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी। यह सिर्फ़ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है। यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक- दूरदराज के गाँवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुँचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है। और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हेंभ सिर्फ़ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।




# पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा में लगी सेंध? किराना हिल्स पर भारत की स्ट्राइक के सबूत सामने आए

**भारतीय वायुसेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर उस समय भारत ने दावा किया था कि उसने पाकिस्तान के कुछ महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर हमला किया। हालांकि, भारतीय वायुसेना ने तब किराना हिल्स जैसे संवेदनशील न्यूक्लियर साइट्स को निशाना बनाए जाने से इंकार कर दिया था। लेकिन अब गूगल अर्थ की ताजा तस्वीरों और सैटेलाइट इंटेलिजेंस विश्लेषक डेमियन साइमोन के विश्लेषण ने यह संकेत दे दिया है कि भारत ने सच में पाकिस्तान के इस रणनीतिक स्थल पर हमला किया था।**

नीरज कुमार दुबे।

भारत और पाकिस्तान के बीच मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान की किराना हिल्स पर स्ट्राइक की थी। ऐसा दावा सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों ने किया है। हम आपको बता दें कि यह खुलासा अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किराना हिल्स में ही पाकिस्तान के परमाणु बमों का ठिकाना माना जाता है। हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध हो सकता था। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों पर हमला उसके परमाणु हथियारों को नष्ट करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि उसको चेतावनी देने के लिए किया था और इसके जरिये दुश्मन को साफ और स्पष्ट संदेश दिया था कि उसके परमाणु ठिकाने सुरक्षित नहीं हैं। पाकिस्तान के सर्गोधा क्षेत्र के पास स्थित किराना हिल्स लंबे समय से उसके गुप्त परमाणु कार्यक्रम और रिसर्च के केंद्र के तौर पर जाना जाता है। यहां 1980 के दशक में उप-परमाणु परीक्षण भी किए जा चुके हैं। किराना क्षेत्र के भीतर सुरंगें, भूमिगत भंडारण और रडार स्टेशन इसकी सामरिक महत्ता को और बढ़ाते हैं। यही वजह है कि भारत द्वारा यहां स्ट्राइक की संभावना को पाकिस्तान और वैश्विक सुरक्षा विशेषज्ञ बेहद गंभीर मान रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि 9-10 मई 2025 की रात को भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत करीब 15 ब्रह्मोस मिसाइलों और अन्य सटीक हथियारों से पाकिस्तान के 13 में से 11 बड़े एयरबेस को नुकसान पहुंचाया था। इसका उद्देश्य केवल बदला लेना नहीं, बल्कि पाकिस्तान के वायु रक्षा नेटवर्क को अपंग करना।



# जिंदगीनामा : मुफ्त बिजली, रियायती रेल परिवहन गरीबों को सार्थक लाभ नहीं दिला पाते

कनिका दत्ता।



केंद्र और राज्य सरकारें गरीबों की मदद करने के नाम पर बुनियादी ढांचे पर जो भारी-भरकम सब्सिडी देती हैं, उनसे लक्षित वर्ग को तो उतना लाभ नहीं मिला है, बल्कि इसने विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की राह में रोड़े ही अटकाए हैं। चाहे आप इसे कुछ भी कह लें, लेकिन जब तक तमाम सब्सिडी सुविधाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं होगा, भारत की विनिर्माण महाशक्ति बनने की चाहत अधूरी ही रहेगी। सब्सिडी में यह विरोधाभास ऐसी वास्तविकता है, जिसका खमियाजा आखिरकार गरीबों को ही भुगतना पड़ता है। यह गरीबों और वास्तविक जरूरतमंदों के लिए सब्सिडी के खिलाफ तर्क नहीं है, लेकिन भारत सूचना प्रौद्योगिकी का पावरहाउस है। यदि तकनीक का इस्तेमाल कर सुनियोजित तरीके से कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में पेश किया जाए तो बेहतर परिणाम हासिल हो सकते हैं। शुरुआत ऊर्जा क्षेत्र से करते हैं। लंबे समय से लगभग निष्क्रिय पड़े इस क्षेत्र में वर्ष 1990 के दशक में सुधारों की पहली लहर आई और निजी क्षेत्र से निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों ने अपने बिजली बोर्डों को उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों में विभाजित करना शुरू कर दिया। यही नहीं, उन्होंने बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) के रूप में सुधार का एक और मॉडल पेश किया। दस वर्षों के दौरान इन निरंतर नियामकीय सुधारों के चलते बिजली उत्पादन क्षेत्र में निजी खिलाड़ियों की पूरी जमात खड़ी हो गई। आज देश में जितनी बिजली बन रही है, उसमें लगभग आधी हिस्सेदारी निजी क्षेत्र की है। लेकिन, वितरण के मोर्चे पर अभी भी तमाम समस्याएं बनी हुई हैं, जहां राज्य के स्वामित्व वाली वितरण कंपनियों या डिस्कॉम का दबदबा है। देश में बिजली की 90 फीसदी से अधिक खपत डिस्कॉम के जरिए होती है। किसानों को मुफ्त अथवा भारी सब्सिडी वाली दरों पर बिजली देने की नीति के कारण वे मुख्य रूप से राज्यों के हाथों में हैं।

हरित क्रांति को फलदायी बनाने के लिए लाई गई इस नीति के साथ कई विडंबनाएं जुड़ी हैं। सबसे पहली, मुफ्त या सब्सिडी पर बिजली देने वाले सामाजिक दायित्व को पूरा करने के कारण डिस्कॉम भारी नुकसान उठाते हैं। इस वजह से वे नई प्रौद्योगिकी अपनाने की दिशा में अधिक निवेश नहीं कर पा रहे। सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है जो डिस्कॉम के कर्ज का भार उठाते हैं। इसके साथ ही लगातार बढ़ती क्रॉस-सब्सिडी की मार औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर बिजली की लागत वृद्धि के रूप में पड़ रही है, जिससे उद्योग जगत में बिजली की दरें गैर-प्रतिस्पर्धी बनी हुई हैं। वित्तीय स्थिति सुधारने के उद्देश्य से वर्ष 2001 से डिस्कॉम के लिए पांच बेलआउट पैकेज और पुनर्गठन योजनाएं लाई गई, लेकिन सभी विफल रहीं क्योंकि कोई भी राज्य सरकार कृषि बिजली दरों में वृद्धि जैसा जोखिम उठाने को तैयार नहीं। उन्हें डर रहता है कि समाजवादी विचारधारा वाले लोग ऐसे किसी भी कदम का विरोध कर सकते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि यह नीति शायद ही उस छोटे किसान को कोई लाभ पहुंचाती है, जिसे वास्तव में इसकी सबसे अधिक जरूरत है।

# धमतरी में ई-हियरिंग की शुरुआत न्यायमूर्ति चौरड़िया ने वर्चुअल रूप




**प्रतिदिन राजधानी, धमतरी**

जिला उपभोक्ता आयोग, धमतरी में ई-हियरिंग की सुविधा का विधिवत शुभारंभ आज न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा वर्चुअल फीता काटकर किया गया। यह अवसर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा, क्योंकि छत्तीसगढ राज्य, जिला उपभोक्ता आयोग के स्तर पर ई-हियरिंग प्रारंभ करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर स्थित राज्य उपभोक्ता आयोग से ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जिससे धमतरी जिला उपभोक्ता आयोग अब देशभर के उपभोक्ताओं एवं अधिवक्ताओं से तकनीकी माध्यमों से सीधे जुड़ सका है। इस पहल से उपभोक्ताओं को त्वरित और सुलभ न्याय सुनिश्चित होगा, साथ ही समय एवं संसाधनों की बचत भी होगी। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह सुविधा राज्य में न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और डिजिटल उन्नत बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान, प्रकरण क्रमांक DC/377/CC/6/2025 राजकुमारी पटेल विरुद्ध आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक एवं अन्य तथा निष्पादन प्रकरण क्रमांक DC/377/EA/6/2025 ओम नवकार ट्रेडर्स विरुद्ध ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी प्रा. लि. एवं अन्य में ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई की गई। इस अवसर पर राज्य उपभोक्ता आयोग के रजिस्ट्रार निवास तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार मती मोना चौहान, सदस्य प्रमोद वर्मा, एकाउंट अधिकारी मती मधुलिका यादव, रायपुर जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा, सदस्य सु नीरूपमा प्रधान, अनिल अग्निहोत्री सहित धमतरी जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही, सदस्य सु रूपा शर्मा एवं अरविंद सिंह परिहार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, अधिवक्ता संघ महासमुंद के अध्यक्ष बी.के. सिन्हा, सचिव सौरभ मिश्रा, विभिन्न वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधिगण तथा आयोग के कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर गोपाल रंजन पाणिग्राही, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता आयोग, धमतरी द्वारा ई-हियरिंग की प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह सुविधा न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सुलभ और समयबद्ध बनाएगी, जिससे प्राप्ति ई-हियरिंग के माध्यम से कोई भी कर, आयोग द्वारा प्रदत्त लिंक के माध्यम से अपने मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सुनवाई में सहभागी हो सकते हैं।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस पर बोला हमला
## कहा - पुत्र मोह में भूपेश ने कांग्रेस को झोंक दिया

**प्रतिदिन राजधानी, जगदलपुर**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जगदलपुर ने किरण सिंह देव ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस बताये कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है। जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं है, उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस पार्टी को पुत्र मोह में झोंक दिया है।

सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में किरण सिंह देव ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं, जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य



को भी बर्बाद किया है। भूपेश बघेल इस दिशा में ही काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है, जो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कोल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। श्री देव ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे, कहते थे कि कोल ब्लॉक आबंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेश बघेल जी अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे? किरण सिंह केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह जी की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी।

# निगम ने मोहारा वाटर प्लांट का बैठाया भट्टा,, फिटकरी नहीं होने से बंद पड़े सभी मोटर

**प्रतिदिन राजधानी, राजनांदगांव**

नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने कहा शहर में जब से भाजपा की जब से सत्ता में आई है ,जनता को बिजली, पानी ?,सड़क , साफ-सफाई सभी के लिए रोना पड़ रहा है। हद तो तब हो गई जब बारिश के दिनों में शहर की जनता के पानी के? लिए तरसना पड़ रहा है। नदी में पानी होने के बावजूद शहर की जनता को मात्र एक टाइम पानी दिया जा रहा है। और दिया भी जा रहा है तो गंदा पानी दिया जा रहा है।



नगर निगम नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने

डॉ रमनसिंह के विधान सभा क्षेत्र की बूरी हालत देखते हुए मोहारा स्थित वाटर वर्क्स प्लांट में अचानक दबिश दी तो पता चला कि वाटर? प्लांट में नाममात्र के लिए भी फिटकरी नहीं है। बगैर फिटकरी के साफ किए पानी जनता को पिलाया जा रहा है। डबल और? तिबल इंजन की सरकार वाली निगम में जनता को परोसें जाने वाले पानी पी कर लोग बीमार हो रहे है। शहर में इससे पीलिया डायरिया फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

फिटकरी नहीं होने से बंद पड़े सभी पानी मोटर

श्री पिल्ले ने कहा कि दिक्कत की बात यह कि शहर वासियों को पानी सप्लाई नहीं होने की सूचना तक नहीं दी जाती। इससे भी लोगों में निगम के प्रति आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने बताया कि मोहारा फिटकरी नहीं होने से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के सातो मोटरों बंद पड़े हैं। एक मोटर भी जला पड़ा है। जिसे ठीक करवाने के लिए निगम को फुर्सत नहीं। इसका खमियाजा जनता को भूगतना पड़ रहा है।

# पिता ने बेटे को मारा चाकू

**प्रतिदिन राजधानी, जगदलपुर**

बोधघाट थाना क्षेत्र के बहादुरगुड़ा में रहने वाले एक पिता ने अपने बेटे की पीठ में 3 चाकू मार उसे घायल कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही घायल को महारानी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से इसको बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया है, वहीं पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है।



मामले की जानकारी देते हुए घायल राहुल 29 वर्ष ने बताया कि वह पेशे से कारपेंटर का काम करता है और रविवार की रात को अपने कमरे में सो रहा था कि तभी पिता राकेश कमरे में आकर बेटे से बहसबाजी करने लगे, काफी देर तक चले विवाद के बाद पिता ने अपने हाथ में रखे चाकू से बेटे राहुल के पीठ में 3 अलग-अलग जगह चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल को जहाँ बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले गए।

घायल राहुल का कहना था कि उसके पिता शराब का सेवन करते है,जिसके कारण किसी न किसी बात को लेकर हमेशा विवाद करते रहते है, रविवार की रात को भी बिना किसी कारण के विवाद करने के बाद शरीर के अलग अलग हिस्सो में चाकू मार कर घायल कर दिया है, घटना के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# जनदर्शन में आत्मदाह की कोशिश करते युवक को जवानों ने पकड़ा

**प्रतिदिन राजधानी, धमतरी**

कलेक्टर जनदर्शन में उस वक्त खलबली मच गई, जब एक युवक ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ही युवक को पकड़ा, जिसकी वजह से हादसा टल गया। सोमवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की, जिससे पूरे जनदर्शन परिसर में अफरा-तफरी निर्मित हो गया।



**पीएम आवास के लिए काट रहा था चक्कर**

बताया जा रहा है कि युवक लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसे कोई ठोस जवाब या सहायता नहीं मिल रही थी। निराश होकर वह युवक जनदर्शन में पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंचा और सबके सामने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों और अधिकारियों की सतर्कता से तुरंत युवक को रोका गया और उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि ग्राम डोमा निवासी पीड़ित करण सोनकर जिला प्रशासन को 6 से 7 बार आवास के लिए आवेदन कर चुका है, लेकिन युवक के आवास को लेकर अब तक कोई भी विचार प्रशासन ने नहीं किया है। इससे परेशान होकर युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया, ताकि यह कदम उठाने से उसकी परेशानी को कोई सुन सके और उसकी मदद कर सके।

पीड़ित युवक ने बताया कि वह आवास नहीं मिलने के कारण काफी ज्यादा परेशान हो चुका था। साथ ही युवक गांव की सरपंच गुंजा साहू के व्यवहार से भी वह काफी ज्यादा परेशान है। आवास के लिए दिए हुए आवेदन में पीड़ित युवक का नाम भी काट दिया गया है। इसके चलते वह आत्मदाह करने का मन बनाकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचा था, लेकिन कलेक्ट्रेट के सामने मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने युवक को देख लिया और एक बड़ी घटना को टाल दिया।

# कोर्ट रूम में क्लर्क ने की आत्महत्या, फंदे पर लटकी मिली लाश

**प्रतिदिन राजधानी, दुर्ग**

जिले के पुरानी भिलाई कोर्ट परिसर से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां एक क्लर्क ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मृतक की पहचान सोमनाथ ठाकुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, घटना का खुलासा तब हुआ जब कुछ लोग कोर्ट रूम पहुंचे और देखा कि सोमनाथ फंदे से लटका हुआ है। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची भिलाई-3 थाना पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेज दिया।

पुरानी भिलाई थाना प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि क्लर्क सोमनाथ ठाकुर ने मजिस्ट्रेट अभिनव डहरिया के कोर्ट रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। आत्महत्या की वजह साफ नहीं है, क्योंकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है और हर पहलू को खंगाला जा रहा है। इस घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद स्टाफ और अन्य लोग गहरे सदमे में हैं। सोमनाथ के कुछ साथियों का कहना है कि वह आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान चल रहा था और संभवत: इसी कारण उसने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की छानबीन में जुटी है।

# पौष्टिक आहार नाश्ता प्रदाय शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए वनमंत्री केदार कश्यप

**प्रतिदिन राजधानी, नारायणपुर**

जिले के प्राथमिक शालाओं के 08 हजार 517 विद्यार्थियों हेतु पौष्टिक आहार नाश्ता प्रदाय के लिए 01 करोड़ 44 लाख रूपये स्वीकृत

01 करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन एक पेड़ मां के नाम के तहत् किया पौधा रोपणदिव्यांगजन विद्यार्थियों को वितरण किया गया सहायक उपकरण राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में अध्यनरत छात्र छात्राओं हेतु शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय भाटपाल में आयोजित पौष्टिक आहार नाश्ता प्रदाय शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए कहा कि जिले के प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए 01 करोड़ 44 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के साथ पढ़ने में रूचि बढ़ेगा। वन मंत्री ने कहा कि स्कूल में नाश्ता की मानिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों को दायित्व दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए उपस्थित ग्रामीणों से आव्हान किया कि महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास एवं बीमारी होने पर स्वास्थ्य में लाभ लेने के लिए आयुषमान कार्ड बनाना आवश्यक है। महतारी वंदन योजना से लाभ लेने के लिए बैंक खाता खुलवाएं एवं आधार कार्ड को खाते से लिंक कराएं तभी इस योजना से लाभांवित हो सकते हैं। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि स्कूल मे पढ़ाए हुए विषय को अच्छे से अध्ययन कर अपने जिज्ञास को सार्थक करें। बच्चों से देश के महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का नाम पूछे जाने पर उपस्थित बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया। वनमंत्री कश्यप ने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए कहा कि बस्तर को 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त किया जाएगा, जिसके लिए पुलिस के जवानों द्वारा अबुझमाड़ के घने जंगलों में सुरक्षा कैम्प में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सड़क, पुल पुलिया निर्माण एवं मोबाईल टावर खड़े करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं वे बधाई के पात्र हैं।

# रेल्वे लेडिस कलब कोरबा का भव्य सावन महोत्सव

**प्रतिदिन राजधानी, दंतेवाड़ा,**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेल्वे लेडिस क्लब कोरबा द्वारा होटल फोरसीजन में 19 जुलाई को भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका संचालन मती मंजू साहू और मती सरिता राठौर ने किया 7 लक्की ड्रा से मती कविता डरसेना व दीप्ती साहू एवं वोटिंग से मती अनुराधा मोहर ने सावन क्वीन का ताज अपने नाम किया 7 मती प्रतिभा आदित्य एवं मती किरण बघेल द्वारा सभी क्लब के सदस्यों का द्वार में ही फूल व मेमेंटो से स्वागत किया गया 7



क्लब के सभी सदस्यों को मती डिम्पल साहू और सरिता कश्यप ने शानदार गेम खिलाकर आनंदित किया 7* मती पुष्पा कहरा ने अपनी सावन सहिलियों ममता ,सुनीता नीलिमा साव,सावित्री,अंजू,नीलिमा ,सुनीता,ममता राठौर,लता,प्रेमलता, मंजू राठौर के साथ फिल्मी सांग माधुरी दीक्षित स्पेशल पर डांस किये मती मनीषा धीरेंद्र,अनुराधा साहू और अंजली राठौर ने सभी का आभार ब्यक्त करते हुए सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।

# कलेक्टर मिश्रा ने समय सीमा की बैठक ली

**प्रतिदिन राजधानी, धमतरी**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की प्राथमिक योजनाओं व कार्यक्रमों के



क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करें और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए गंभीरता एवं संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासकीय सेवकों को कार्यालयीन समय का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कार्य समय में ईमानदारी व तत्परता से कार्य संपादन के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कार्यपालन अभियंता (विद्युत) से योजना की अद्यतन जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि निजी हाउसिंग सोसायटियों से संपर्क कर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए तथा अधिकाधिक शिविर आयोजित किए जाएं। 'उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बनकर उभर रही है। राज्य सरकार की अतिरिक्त सहायता से उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी का लाभ मिल रहा है, जिससे सोलर पैनल लगवाना अब अधिक सुलभ और किफायती हो गया है। अत: इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर मति रीता यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी शासकीय क्रय या कार्य वित्तीय नियमों के अंतर्गत ही संपादित किया जाए। उन्होंने जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।' आगामी 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने की योजना के तहत संबंधित विभागों को समय पर नामांकन भेजने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को अपने क्रियाकलापों की भी जानकारी ली।

# सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस की गतिविधि को नियमित करें संचालित- कलेक्टर हरिस

**प्रतिदिन राजधानी, जगदलपुर**

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस की गतिविधि को नियमित संचालित करें, ताकि विभागीय फाइलों का संचालन सुविधाजनक हो। साथ ही सभी विभाग के अधिकारी ई-आफिस का नियमित उपयोग करते रहें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने लंबित सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य डैशबोर्ड के प्रकरणों पर चर्चा किए साथ ही आमचो बस्तर एप में प्राप्त शिकायत और माँग का निराकरण समय पर प्राथमिकता के आधार पर प्रतिदिन और गुणवत्तायुक्त करें।

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना की विकास कार्यो की प्रगति, नए स्वीकृत आवास की स्थिति, आजीविका मिशन के तहत इंटरप्राईजेस फाइनेंस पर ब्लॉक वाईस प्रोग्रेस का समीक्षा किए बैंकों मे ऋण के जमा प्रकरणों को सेक्शन और डिसबर्समेंट का संज्ञान लिया। उन्होंने मनरेगा के तहत जनपद पंचायतवार आंगनबाडी भवन निर्माण, पीडीएस दुकान निमार्ण कार्यो की समीक्षा करते हुए भौतिक प्रगति की निर्धाणाधीन पीडीएस भवन को दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए इसके अलावा

जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत स्वीकृत देवगुड़ी निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 पुराने कार्यों और



अन्य विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित केंद्रीय पेंशनर स्कीम का सत्यापन जल्द पूर्ण करवाने के लिए सभी जनपद के सीईओ को निर्देशित किए ।

बैठक में खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए धान का उठाव का संज्ञान लिया। जिले में बनाए गए राशन कार्ड, प्रचलित राशन कार्डो में जोड़े गए सदस्य, निरस्त सदस्यों की संख्यात्मक जानकारी पर चर्चा किए जनपद स्तर पर निरस्त सदस्यों की जानकारी ली। किसानों का एग्री स्टैक में पंजीयन की स्थिति का जायजा लेकर कहा कि दिन से अधिक दिनों तक केसीसी के प्रकरण बैंक में जमा होने की जानकारी दें ताकि उस बैंक के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जा सके।विकासखंडवार बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सहकारी समिति से धान, कोदो, रागी , उड़द, मिलेटस का उठाव किसानों से करवाने के लिए प्रेरित करें।बैठक कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में ठीक काम नहीं करने वाले ठेकेदारों तथा एजेंसी को 15 दिन में काम को सुधारने का अवसर दिया गया। काम में सुधार नहीं करने की स्थिति में संबंधितों के खिलाफ एफआईआर करवाने की कार्रवाई किया जाएगा।

शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों से जाति-निवास और आय प्रमाण पत्र के निर्माण की स्थिति का चर्चा किए। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में रात्रिकालिन संस्थागत प्रसव का निरीक्षण करें।उन्होंने टीकाकरण के कार्य में वृद्धि करने के निर्देश दिए। सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के लक्ष्य के आधार पर जागरूकता बढ़ाकर जांच व उपचार करवाएं।

# भगवंत मान की नीति से पंजाब में किसानों की किस्मत बदली

## अब मिल रहा 5 गुना किराया और विकास में भागीदारी

**चंडीगढ़।** पंजाब भगवंत मान सरकार ने किसानों को शानदार तोहफा दिया है। इसके चलते अब पंजाब में किसानों की जमीन अब सिर्फ खेत नहीं, बल्कि विकास की भागीदार बन रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार ने किसानों के लिए एक ऐतिहासिक और पारदर्शी नीति लागू की है। ये नीति अब तक के सभी योजनाओं से अलग है। इसका नाम है लैंड पूलिंग पॉलिसी। इस योजना के तहत किसान अब ज़मीन के बदले मजबूरी में कम दाम पर उसे बेचने के बजाय, हर साल ₹1 लाख किराया पाएंगे और विकास में हिस्सेदार भी बनेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि यह राशि हर साल 10% बढ़ेगी, जिससे किसानों की आमदनी लगातार बढ़ती रहेगी।

### क्या है लैंड पूलिंग योजना?

बता दें कि इस योजना के तहत किसान अपनी जमीन सरकार को अस्थायी रूप से देते हैं, लेकिन जमीन का मालिकाना हक



उनके पास ही रहता है। विकास शुरू होने तक किसान खेती करते रह सकते हैं, और सरकार से ₹50,000 सालाना अग्रिम राशि भी मिलती रहेगी। जैसे ही विकास कार्य शुरू होता है, सरकार किसान को उसका हिस्सा विकसित प्लॉट के रूप में वापस देती है। यह पूरी प्रक्रिया बिना किसी जबरदस्ती, बिना दलाली और बिना रिश्वत के होती है।

### अब समझिए कैसे अलग है यह योजना?

वहीं बात अगर इस योजना के अलग होने की करें तो कांग्रेस और पिछली सरकारों के वक्त किसानों को सिर्फ ₹20,000 सालाना किराया दिया जाता था। आज उसी जमीन पर सरकार ₹1 लाख से ज़्यादा का किराया, विकसित प्लॉट, और शहर की सुविधाओं में बराबरी का हिस्सा दे रही है। मामले में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यह सुनिश्चित किया है कि जैसे ही किसान योजना में शामिल होता है, उसे सिर्फ़ 21 दिन में सहमति पत्र मिल जाए, जो पहले की सरकारों में छह महीने तक नहीं मिलता था।

### किसानों का विश्वास बढ़ा

पंजाब सरकार के इस योजना से किसानों का विश्वास बढ़ गया है। कारण है कि मोहाली में अब तक 50 से ज्यादा किसान योजना में अपनी जमीन दे चुके हैं। पटियाला में पहले ही हफ्ते में 150 एकड़ से अधिक जमीन किसानों ने स्वेच्छा से दी है। अमृतसर, मोगा, संगरूर, बठिंडा, कपूरथला, जालंधर जैसे जिलों में भी किसानों की भारी भागीदारी देखी जा रही है। वहीं मामले में एक किसान ने बताया कि पहले की सरकारें बिल्डर लॉबी से मिलकर काम करती थीं। लेकिन अब सरकार खुद सेक्टर बना रही है वो भी वर्ल्ड क्लास प्लानिंग के साथ। अब मेरा बेटा, जो एनआरआई है, वापस यहीं बसना चाहता है।

## गैंगस्टर चंदन मिश्रा का मर्डर कर बांग्लादेश भागने की फिराक में था 'बादशाह' और फिर कहानी में आ गया नया मोड़

**कोलकाता।** पटना के पारस अस्पताल में सजायाफ्ता गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने की घटना में कोलकाता से गिरफ्तार मुख्य आरोपित तौसीफ रजा उर्फ बादशाह बांग्लादेश भागने की फिराक में था।



कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की पूछताछ में उसने यह बात स्वीकार की थी। बिहार और बंगाल एसटीएफ की संयुक्त टीम ने तौसीफ सहित चार लोगों को शनिवार देर रात कोलकाता के आनंदपुर इलाके में एक गेस्ट हाउस से दबोचा था। एक महिला को भी हिरासत में लिया गया था, लेकिन उसे बाद में छोड़ दिया गया।

### शेरू सिंह ने जेल से रची थी हत्या की साजिश

इस घटना में कोलकाता के दो ठिकानों से मुख्य आरोपित सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बंगाल की पुरुलिया जेल में बंद गैंगस्टर शेरू सिंह ने जेल से इस हत्या की साजिश रची थी और अपने एक खास गुर्गे यानी कोलकाता से पकड़े गए मुख्य आरोपित शूटर तौसिफ रजा उर्फ बादशाह को इसकी सुपारी दी थी।

### अस्पताल में इलाज करा रहा था चंदन

मालूम हो कि बक्सर जिले के रहने वाले चंदन मिश्रा की गुरुवार सुबह पटना के अस्पताल के आइसीयू वार्ड में घुसकर हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। चंदन हत्या के एक मामले में सजायाफ्ता कैदी था। परोल पर बाहर आकर वह अस्पताल में अपना इलाज करा रहा था। उस पर 12 से ज़्यादा हत्याओं समेत 24 आपराधिक मामले दर्ज थे।



## 20 बार मारी कैंची! 7 साल के बच्चे के कातिल का दिल दहला देने वाला कबूलनामा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के कालवाडी गांव में पिछले शनिवार की रात एक ऐसी घटना हुई जिसने इलाक़े में हड़कंप मचा दिया। मात्र 7 साल के छोटे बच्चे को उसके एक पड़ोसी (16 वर्षीय नाबालिग) ने बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। घटना के समय मासूम खेलने गया था, लेकिन देर शाम भी घर नहीं लौटा। जिसके बाद रविवार की सुबह उस मासूम की लाश खून में लथपथ हालत में पुलिस को एक हील-पथ के ग्रीन बेल्ट इलाके में मिली। पीड़ित बच्चे के पिता ने कहा, उसने कई बार अपने बेटे को आरोपी के साथ खेलने से मना किया था लेकिन वह छोटा था इसलिए पिता की बात नहीं समझ पाता था।

जानकारी के अनुसार, नाबालिग ने यह वारदात बदले की भावना में की। बिते शनिवार को आरोपी लड़के ने पहले बच्चे को लालच देकर उसके घर से दूर बुलाया और फिर लगभग 20 बार उस पर कैंची से वार किया। बच्चे की हत्या कर के आरोपी ने उसका शव कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर फेंक दिया। इतना ही नहीं आरोपी घर आने के बाद परिवार को सांत्वना देने लगा और तो और सब के साथ मिल कर बच्चे को ढूंढने का नाटक करने लगा।

## डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि

**नई दिल्ली।** सरकार ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय कृषि मार्केट (ई-नाम) नामक योजना की शुरुआत की थी, ताकि किसान विभिन्न बाजारों तक पहुंच प्राप्त करते हुए इलेक्ट्रॉनिक रूप से पारदर्शी तरीके से अपनी उपज को बड़ी संख्या में खरीदारों को बेच सकें।

डिजिटल मार्केट तक पहुंच बढ़ाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को ई-नाम, ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) और जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों पर शामिल किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने अपने कर्मचारियों के चल रहे शोध को प्रस्तुत करने के लिए आरबीआइ वर्किंग पेपर सीरीज प्रारंभ की है और इसे टिप्पणियाँ लेने और आगे की चर्चा के लिए प्रसारित किया जाता है। ₹भारत में सब्जियों की मुद्रास्फीतिः टमाटर, प्याज और आलू (टीओपी) का एक अध्ययन₹ शीर्षक वाले वर्किंग पेपर में अनुमान लगाया गया है कि उपभोक्ता रुपये में किसानों की हिस्सेदारी टमाटर के लिए लगभग 33%, प्याज के लिए 36% और आलू के लिए 37% है। आरबीआइ के एक अन्य वर्किंग पेपर ₹भारत में फलों की मूल्य गतिशीलता और मूल्य श्रृंखला₹ में, घरेलू मूल्य श्रृंखला में उपभोक्ता रुपये में किसानों की हिस्सेदारी केले के लिए लगभग 31%, अंगूर के लिए 35% और आम के लिए 43% होने का अनुमान है। मार्केटिंग चैनलों की संख्या, हायर मार्केटिंग कॉस्ट और मार्जिन, और उत्पाद के खराब होने जैसे कारक किसानों को प्राप्त होने वाली कीमत को प्रभावित करते हैं।

सरकार की प्राथमिकता उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ, कृषि उपज की मार्केटिंग में सुधार और फसलोपरांत होने वाले नुकसान को कम करने के लिए विभिन्न उपाय करने की है ताकि किसानों की उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित हो सके।


एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड (एआईएफ) के अंतर्गत, छोटे और सीमांत किसानों के साथ-साथ बड़े व्यवसायों, एपीएमसी/मंडियों के लिए, कृषि-निर्यात समूहों में खेत स्तर पर शीतगृहों को सहायता प्रदान की जाती है ताकि फसलोपरांत होने वाले नुकसान को कम किया जा सके और किसानों का लाभ बढ़ाया जा सके। उद्यमी, सहकारी समितियाँ, पैक्स और स्वयं सहायता समूह, अक्सर ग्रेडिंग, छंटाई और पैकेजिंग इकाइयों के साथ एकीकृत किए जाने वाले शीतगृह रसद स्थापित करने के लिए एआईएफ सहायता का सक्रिय रूप से लाभ उठा रहे हैं। दिनांक 30.06.2025 तक, एआईएफ के अंतर्गत 8258 करोड़ रूपये की स्वीकृत राशि से 2454 शीतगृह परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त, एमआईडीएच के अंतर्गत, बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए, जिसमें कटाई और फसलोपरांत होने वाले नुकसान को कम करना शामिल है, विभिन्न बागवानी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इनमें पैक हाउस, एकीकृत पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज, रीफर ट्रांसपोर्ट, राइपनिंग चैंबर आदि की स्थापना शामिल है। यह घटक मांग/उद्यमी आधारित है, जिसके लिए सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 35% की दर से और संबंधित राज्य बागवानी मिशनों (एसएचएम) के माध्यम से पहाड़ी और अनुसूचित क्षेत्रों में परियोजना लागत के 50% की दर से ऋण-आधारित बैक-एंडेड सब्सिडी के रूप में सरकारी सहायता उपलब्ध है।

# शांति वार्ता से पहले रूस ने यूक्रेन पर किया ड्रोन हमला; एक बच्चे की मौत, 24 लोग घायल

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच शांति वार्ता पहले एक बार फिर मॉस्को ने तीन यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि 24 लोग घायल हो गए। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ शांति वार्ता होगी। मगर इस वार्ता में युद्ध को समाप्त करने को लेकर कोई प्रगति होने की उम्मीद कम है।

यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम को रूस ने उत्तर-पूर्व में सुमी, दक्षिण में ओडेसा और पूर्वी क्रामाटोरस्क के यूक्रेनी क्षेत्रों पर हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र होन्चारेंको ने बताया कि क्रामाटोर्स्क में एक ग्लाइड बम एक अपार्टमेंट



इमारत पर गिरा। इससे आग लग गई। हमले में एक लड़के की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए।

क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने बताया कि सूमी क्षेत्र में कई हमले हुए। पुतिवल शहर में एक ड्रोन ने एक गैस स्टेशन पर हमला किया, जिसमें एक पांच साल के बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। दो घंटे से भी कम समय बाद उसी जगह पर एक और ड्रोन हमला हुआ। इसमें सात और लोग घायल हो गए।

अंधेरा होने के बाद सुमी शहर पर दो और शक्तिशाली रूसी ग्लाइड बम गिराए गए। इसमें एक छह साल के बच्चे समेत 13 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि हमले में पांच अपार्टमेंट इमारतें, दो निजी घर और एक शॉपिंग मॉल क्षतिग्रस्त हो गए।

कार्यवाहक मेयर आर्टेम कोबज़ार ने कहा कि विस्फोटों से आवासीय भवनों की खिड़कियां टूट गईं और बालकनी नष्ट हो गईं। मंगलवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में कई क्षेत्रों में 35 यूक्रेनी लंबी दूरी के ड्रोनों को मार गिराया, जिनमें से तीन मॉस्को क्षेत्र में थे।

### रूस-यूक्रेन के बीच होनी है शांति वार्ता

रूस-यूक्रेन के बीच तीन साल से युद्ध चल रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिए दोनों देश तीसरी बार शांति वार्ता करने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले दो दौर की वार्ता इस्तांबुल में हुई थी, और रूसी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस बार भी बैठक की मेजबानी तुर्किये करेगा। मई और जून में हुई वार्ताओं के परिणामस्वरूप युद्धबंदियों और शहीद सैनिकों के शवों का आदान-प्रदान हुआ, लेकिन कोई अन्य समझौता नहीं हो सका।



## राष्ट्रपति ने वर्ष 2018-2021 के लिए स्काउट/ गाइड/ रोवर/ रेंजर पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (22 जुलाई, 2025) राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में वर्ष 2018-2021 के लिए स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## हबीब से शिवानंद नीलांचली: पत्रकारिता छोड़ आत्मा की पुकार पर सनातन की राह चुनी..!

**असम।** आंध्र प्रदेश के मूल निवासी और वर्षों तक दिल्ली-नोएडा जैसे महानगरों में टीवी पत्रकारिता से जुड़े रहे हबीब अब ₹शिवानंद नीलांचली₹ बनकर सनातन धर्म के प्रचार और सेवा में समर्पित हो चुके हैं।

टीवी की चकाचौंध भरी दुनिया में काम करते हुए भी हबीब के भीतर कुछ सवाल लगातार उठते रहे — ₹मैं कौन हूँ?₹, ₹जीवन का उद्देश्य क्या है?₹। इन्हीं सवालों के उत्तर खोजते हुए वह 2021 में यूट्यूब पर गुरुदेव डॉ. श्री प्रेमा साई जी महाराज के प्रवचनों से जुड़े। यहीं से उनकी आत्मिक यात्रा की शुरुआत हुई।

### प्रेमा साईं जी महराज से लिया दीक्षा

ओडिशा पहुंचकर उन्होंने गुरुदेव से दीक्षा ली और तप, साधना, सेवा व आत्म-परिवर्तन के मार्ग पर चल पड़े। बीते चार वर्षों में उन्होंने चार धाम और बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन पूरे किए। लेकिन यह यात्रा केवल मंदिरों तक सीमित नहीं थी — यह उनकी आत्मा की पुनर्यात्रा थी।



### शिवानंद नीलांचली के नाम से जाना जाएगा हबीब

अब वे 'शिवानंद नीलांचली' के नाम से जाने जाते हैं — यह नाम उन्हें गुरु पूर्णिमा 2025 के दिन मां कामाख्या की भूमि पर गुरुदेव द्वारा प्रदान किया गया। उनका कहना है कि अब वे पूरी तरह सनातन धर्म के लिए समर्पित हैं, और जीवनभर साधना और सेवा में लगे रहना चाहते हैं।



# गिलगित-बाल्टिस्तान में बादल फटने से मची तबाही, चार पर्यटकों की मौत; 15 लापता



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में कुदरत का कहर देखने को मिला। जहां सोमवार को बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में अब तक कम से कम चार पर्यटकों की मौत हो गई। दो घयल हो गए। वहीं 15 लोग लापता हो गए हैं। घटना दीमर जिले में हुई, जहां बाढ़ के तेज बहाव में आठ पर्यटक वाहन बह गए। मामले में गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फरक ने बताया कि मृतकों में एक महिला पंजाब प्रांत के लोधरन की रहने वाली थी।

### राहत और बचाव कार्य में जुटा प्रशासन

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इसका असर यातायात पर पड़ा। बाढ़ के कारण बाबूसर हाईवे बंद हो गया और इलाके में बिजली और संचार सेवाएं बाधित हो गई हैं। सैकड़ों फंसे पर्यटकों को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाला गया, और उन्हें अस्थायी ठिकानों पर शरण दी गई। बता दें कि अचानक से आई से इस बाढ़ के चलते खेत, बाग-बगीचे, घर और जरूरी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है, लेकिन हालात अब भी बेहद गंभीर बने हुए हैं।

### सात किलोमीटर तक फैला बाढ़ का रास्ता

दीमर के पुलिस अधीक्षक अब्दुल हमीद ने बताया कि बाढ़ ने करीब सात किलोमीटर तक का इलाका तबाह कर दिया। कई वाहन बह गए और आशंका है कि 20 से 30 लोग लापता हो सकते हैं। राहत कार्य जारी है लेकिन लगातार मलबा गिरने से बचाव कार्य में मुश्किलें आ रही हैं।

दीमर के अलावा घाइजर जिले में भी बाढ़ ने घरों, खेतों और सड़कों को नुकसान पहुंचाया। स्कार्दू में बाढ़ की आशंका के चलते गाम्बा रेस्क्यू स्टेशन को हाई अलर्ट पर रखा गया है। बरगी और सादपारा नालों में पानी घरों में घुस गया है, जिससे कई संपत्तियां और सड़कें बर्बाद हो गईं।

### कराकोरम हाईवे का हिस्सा क्षतिग्रस्त, हजारों लोग फंसे

वहीं गोजल के पास पासु क्षेत्र में कराकोरम हाईवे का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे हजारों लोग फंस गए हैं। यह मार्ग पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है। गिलगित-बाल्टिस्तान पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के निदेशक खदीम हुसैन ने बताया कि क्षेत्र में पिछले छह हफ्तों से रिकॉर्ड गर्मी और उमस बनी हुई है, जिससे बादल फटने और बाढ़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पहाड़ी इलाका होने के कारण भूस्खलन और मलबे की वजह से तबाही और बढ़ जाती है।


# ऑस्ट्रेलियाई संसद की कार्यवाही शुरू होते ही गाजा पर संग्राम, इस्राइल पर प्रतिबंध की मांग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की नई संसद की शुरुआत ऐसे समय हुई जब देश के अंदर और बाहर कई मुद्दे गर्माए हुए हैं। मंगलवार को जब संसद का सत्र शुरू हुआ, उसी समय सैकड़ों प्रदर्शनकारी संसद भवन के बाहर जुटे और गाजा युद्ध को लेकर इस्राइल पर कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की। संसद के भीतर और बाहर इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखी गईं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही कुछ इस्राइली नेताओं पर व्यक्तिगत प्रतिबंध लगा चुका है, लेकिन देश में अब व्यापक प्रतिबंध की मांग बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया की संसद में मंगलवार को नए सत्र की शुरुआत हुई, जिसमें प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी भारी बहुमत के साथ लौटी है। यह सत्र हालांकि परंपरागत रूप से औपचारिक रहा, लेकिन गाजा संघर्ष की गूंज संसद भवन में भी सुनाई दी। संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने इस्राइल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की और 'गाजा को न्याय दो' जैसे नारे लगाए।

### प्रदर्शनकारियों को संसद में घुसने से रोका गया

सुरक्षा अधिकारियों ने लगभग 15 प्रदर्शनकारियों को संसद के ऊपरी सदन की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। ये प्रदर्शनकारी



उस समय अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे जब अटॉर्नी जनरल सैम मोस्टिन संसद को संबोधित कर रहे थे। इस बीच, ग्रीन पार्टी की उप नेता सीनेटर मेहरीन फारुकी ने एक पोस्टर लहराकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया जिस पर लिखा था, 'गाजा भूखा है, केवल शब्द नहीं, इस्राइल पर प्रतिबंध लगाओ।'

### इस्राइली नेताओं पर व्यक्तिगत प्रतिबंध

ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही इस्राइल के दो मंत्रियों इतामार बेन गविर और बेजेल स्मोट्रिच पर वित्तीय और यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, सरकार ने अभी तक इस्राइल के खिलाफ किसी व्यापक राज्य-स्तरीय प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है। प्रदर्शनकारियों और ग्रीन पार्टी की मांग है कि ऑस्ट्रेलिया को अब और कड़े कदम उठाने चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया की नई संसद में समीकरण

2024 के चुनावों में लेबर पार्टी ने 150 सीटों में से 94 पर जीत हासिल की, जो 1996 के बाद सबसे बड़ी जीत है। वहीं विपक्षी लिबरल पार्टी अब केवल 43 सीटों पर सिमट गई है। सीनेट में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं है, जिससे यह साफ है कि सरकार को इस्राइल पर और प्रतिबंध लगाने के लिए या फिर उससे जुड़ा कोई कानून पास कराने के लिए उसे विपक्ष या ग्रीन पार्टी के साथ समझौता करना होगा।

### गाजा पर ऑस्ट्रेलिया की प्रतिक्रिया

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में 27 अन्य देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें गाजा युद्ध पर कहा गया था कि अब ये युद्ध खत्म होना चाहिए। गृह मामलों के मंत्री टोनी बर्क ने इसे अब तक का सबसे सख्त बयान बताया। उन्होंने कहा कि जो कुछ हम देख रहे हैं, वह असहनीय है। बंधकों की रिहाई जरूरी है, लेकिन युद्ध का अंत भी उतना ही जरूरी है।

विपक्षी नेता जोनाथन डुनियम ने सरकार की इस अंतरराष्ट्रीय पहल को 'चिंताजनक' बताया और कहा कि बयान में कई महत्वपूर्ण बातें छूट गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी घोषणाएं करने से पहले गहन सोच-विचार करना चाहिए था। इस पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखी गई।

### राजेश मूणत की अगुवाई में बाजे-गाजे संग निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा

# शिवभक्ति में लीन होगा रायपुर नगर वासियों से कावड़ यात्रा में शामिल होने की अपील

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

रविवार की सुबह रायपुर पश्चिम विधानसभा से प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में होने जा रहा है जिसकी तैयारिया को लेकर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया जहां आगामी 3 अगस्त को होने वाली कावड़ यात्रा के संबंध में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को दिशानिर्देश दिए गए एवं प्रदाय जिम्मेदारियों का जायजा भी लिया गया राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हमारे द्वारा विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन रायपुर पश्चिम में किया जाना है जिसके संदर्भ में यह बैठक आहूत की गई है ।

रायपुर के सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को यात्रा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौपी गई है कावड़ यात्रा का यह कार्यक्रम अपनी भव्यता के लिए सदैव राजधानी सहित आसपास चर्चित रहा है , और यह आप सभी के परिश्रम और सहयोग से यह संभव हुआ है ।



### विभिन्न क्षेत्रों से आई झांकियां और बाजे गाजे होंगे मुख्य आकर्षण

राजेश मूणत ने आगे कहा इस वर्ष कावड़ यात्रा को और भी अधिक भव्यता और वैभव प्रदान करने हमने स्थानीय लोक कलाकारों के अलावा अन्य प्रदेशों के कलाकारों को भी अपनी प्रस्तुति देने निमंत्रित किया है जैसे की उज्जैन मध्यप्रदेश में बाबा महाकाल की सवारी में डमरू और ढोल बजाने वाली टीम , उत्तर प्रदेश से अघोरी नृत्य की प्रस्तुति देने वाली टीम , उत्तर प्रदेश से ही युवतियों द्वारा मां काली की जीवंत झांकी का प्रदर्शन , उड़ीसा के बाहुबली कट्टपा की वेशभूषा में संबलपुरी बाजे में प्रस्तुति देने वाले चर्चित कलाकारों की टीम , छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध नृत्य कलाकारों जैसे आदिवासी नृत्य , पंथी नृत्य और राउत नाचा की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का दल , भगवान भोलेनाथ की चलित झांकी और प्रदेश के प्रमुख ढोल धुमाल पार्टी अपनी अपनी प्रस्तुति देंगे जो कावड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण होगा ।

### सुबह बाबा हटकेश्वरनाथ को अर्पित किया आमंत्रण पत्र

3 अगस्त को होने जा रही भव्य कावड़ यात्रा हेतु सभी सनातनियों हेतु आमंत्रण पत्रक भी छपवाए गए हैं जिसकी प्रथम प्रति आज 22 जुलाई को सुबह, विधायक राजेश मूणत ने महादेवघाट तीर्थ पहुंचकर बाबा हटकेश्वरनाथ, माँ महाकाली, और मंदिर परिसर में स्थित अन्य देवी-देवताओं को कांवड़ यात्रा का विशेष आमंत्रण पत्र अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से प्रार्थना की कि रायपुर शहर के नागरिकों पर सदैव उनका आशीर्वाद बना रहे।

### मुख्यमंत्री साय ने दी नवलीन को बधाई

# कहा, छत्तीसगढ़ की उभरती प्रतिभा को मिलेगा हरसंभव सहयोग

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के हर खिलाड़ी को उसकी मेहनत, लगन और क्षमता के अनुरूप अवसर, संसाधन और मंच उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने महासमुंद जिले की नवोदित तीरंदाज नवलीन कौर को आगामी राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी में स्थान बनाने पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवलीन जैसी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के भविष्य की नींव हैं और सरकार उन्हें खेल के हर स्तर पर निखारने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।



जन्म से ही स्वास्थ्यगत चुनौतियों से जूझने वाली नवलीन ने इसे अपनी कमज़ोरी नहीं, बल्कि ताकत में बदल दिया और खेल को अपना जीवन-मार्ग चुना। उन्होंने फरवरी 2025 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति और मेहनत के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

महासमुंद जिले के बागबाहरा की निवासी नवलीन कौर, अरविंद एवं रंजीत कौर छाबड़ा की सुपुत्री हैं। उनका जन्म गर्भावस्था के सातवें महीने में हुआ था, जिससे प्रारंभिक वर्षों में स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियाँ रहीं। आस-पड़ोस, रिश्तेदार और परिचित हमेशा उनकी तबीयत के बारे में पूछते रहते थे, जिससे वह कभी-कभी उदास हो जाती थीं। लेकिन नवलीन ने इस जिज्ञासा को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और खुद को एक नई दिशा में ढाल दिया।

वर्ष 2018 में नवलीन ने बागबाहरा से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित बिहाझर बालाश्रम में तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। वे महासमुंद जिले की पहली महिला तीरंदाज बनीं। स्कूली शिक्षा के दौरान उन्होंने दो बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए और एक बार राष्ट्रीय स्तर की स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में चौथा स्थान अर्जित किया। वर्ष 2023 में उन्होंने गुजरात में आयोजित एफजीएफआई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया और राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस के चिन्नगंजाम स्टेशन में ठहराव की सुविधा



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के चिन्नगंजाम स्टेशन में 02 अगस्त 2025 तक प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यात्रियों को दी गई इस सुविधा में निरंतरता बनाए रखने हेतु इस गाड़ी के उपरोक्त स्टेशन में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है । अब गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का चिन्नगंजाम स्टेशन में ठहराव की सुविधा 05 अगस्त 2025 से आगामी 06 माह तक जारी रहेगी।

## ऑनलाइन काव्य महागोष्ठी ने बिखेरी साहित्यिक सुगंध

**जतिन नचरानी**

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

नवनिधि के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर 20 जुलाई 2025 को आयोजित ऑनलाइन काव्य महागोष्ठी ने साहित्यिक गरिमा और रचनात्मक उत्कृष्टता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। दोपहर 3 बजे से संध्या 8 बजे तक चली इस गोष्ठी में देशभर के चयनित रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से मंच को सृजन-सुगंध से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रथम सत्र में नवनिधि की संस्थापिका सुश्री रुचि जैन और सुश्री रीमा ने, जबकि द्वितीय सत्र में सुश्री पूनम देवी पृथा और सुश्री आरती झा आद्या ने कुशलता से निभाया। गोष्ठी की शुरुआत सुश्री संध्या जी की भावपूर्ण सरस्वती वंदना से हुई, जिन्होंने मधुर गायन के माध्यम से मां शारदे को काव्यांजलि अर्पित की।




मुख्य अतिथि के रूप में शॉपिंजन की हिन्दी/मराठी विभाग प्रमुख ऋचा दीपक कर्पे की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। उन्होंने रचनाओं की समीक्षा कर रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया और साहित्यिक संवाद को गहराई दी। गीत, ग़ज़ल, नवगीत, मुक्तक और छंदबद्ध कविताओं ने समाज, संस्कृति और संवेदना को दर्शाया। सिद्धार्थ रंजन श्रीवास्तव के मधुर गायन ने गोष्ठी को और भी यादगार बना दिया। अंत में, सुश्री रुचि जैन ने सभी रचनाकारों, श्रोताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मंच के वरिष्ठ सदस्य कुंदन जी की नवनिधि को समर्पित कविता का पाठ रुचि जैन ने किया, जिसने श्रोताओं के हृदय पर गहरी छाप छोड़ी। यह आयोजन नवनिधि की साहित्यिक यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## पत्रकार विनय शर्मा का निधन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रदेश के वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट विनय शर्मा का आज शाम निधन हो गया। वे गैलेक्सी रेजिडेंसी, अमलीडीह रायपुर के निवासी थे और लगभग 65 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार उनके पुत्र के आने के बाद किया जाएगा।



श्री विनय शर्मा ने दैनिक देशबन्धु और दैनिक भास्कर जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। वे पत्रकारिता जगत में अपनी प्रतिबद्धता, सौम्यता और उत्कृष्ट फोटोग्राफी के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते थे।

वे श्रीमती अपराजिता शर्मा के पति, अमित शर्मा एवं अमृता के पिता, तथा प्रसिद्ध उद्घोषक श्री कमल शर्मा के अनुज थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

### मुख्यमंत्री साय ने शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के वरिष्ठ एवं सम्मानित फोटो जर्नलिस्ट विनय शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विनय शर्मा का निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि विनय जी अपने सौम्य व्यक्तित्व, संवेदनशील दृष्टिकोण और पत्रकारिता के प्रति समर्पण के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।

## गुढ़ियारी कैंपस को हराभरा बनाने पॉवर कंपनी ने लगाए पौधे

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के 50 हजार पौधे लगाने के संकल्प को पूरा करने के लिए शहर से लेकर गांव तक में फैले बिजली दफ्तरों के रिक्त स्थानों में वृक्षारोपण करने का कार्यक्रम वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज गुढ़ियारी स्थित बिजली ऑफिस के सबसे पुराने कैंपस में वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर के मुख्य आतिथ्य में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी मां है। ब्रम्हांड में समय और प्रकृति ही काम करती है। सबको जन्म देने वाली प्रकृति मां ही है। प्रकृति को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसकी सुरक्षा और संवर्धन के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए।



पॉवर कंपनी के गुढ़ियारी स्थित सिविल संभाग के कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इस स्थान पर 1951 में रायपुर पॉवर हॉउस संचालित था, जिसमें रिक्त भूमि में वृहद वृक्षारोपण किया गया। पॉवर कंपनीज़ वृक्षारोपण महोत्सव के तहत पूरे प्रदेश के बिजली दफ्तर, उपकेंद्र और उत्पादन संयंत्रों में 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके तहत रायपुर शहर क्षेत्रीय कार्यालय को दो हजार और रायपुर ग्रामीण क्षेत्रीय कार्यालय को 5500 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसे प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने बढ़ाकर रायपुर शहर में तीन हजार और रायपुर ग्रामीण में 7000 का लक्ष्य करने के निर्देश दिए।

## शहीद महेन्द्रकर्मा विवि, बस्तर जगदलपुर में शकुंतला हुई सम्मानित

### हल्बी भाषा के सुदीर्घ लेखन, संरक्षण, उन्नयन में योगदान के लिए मिला सम्मान

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

कुलपति शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने ने कहा कि बस्तर संभाग की हल्बी भाषा की साहित्यकार शकुंतला तरार को उनके हल्बी भाषा में सुदीर्घ लेखन, संरक्षण, उन्नयन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शकुंतला तरार की हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत बस्तर को जानने समझने के लिए महत्वपूर्ण संग्रह है। इससे हलबी की समृद्धि बढ़ रही है। ज्ञातव्य है कि शकुंतला की अब तक पाँच पुस्तकें हल्बी भाषा में प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें एक परंपरागत गीति कथा का प्रकाशन साहित्य अकादमी दिल्ली ने किया है । शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर एवं शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर जिला-बस्तर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।



कुलपति शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर प्रो. श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका का सन्देश सुनाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में जितनी भी भाषा और बोलियाँ हैं, उन सबका संरक्षण किया जाना चाहिए। शकुंतला तरार की पुस्तक हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत के संबंध में कहा कि हलबी बस्तर की संपर्क भाषा है। हलबी में लिखे गीत बस्तर की संस्कृति की विशेषता बताती हैं। हलबी का लोक साहित्य अत्यंत समृद्ध है। लेजा गीत बस्तर में अत्यधिक प्रचलित है। इसमें युवक युवतियों के आपसी संवाद होते हैं। सौ गीतों में इस संग्रह में सांस्कृतिक रूप प्रकट होकर आए हैं।

प्राचार्य, शास. काकतीय स्नातकोत्तर महा. जगदलपुर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में नारायणपुर के पद्मश्री बैद्यराज हेमचंद मांझी, कांकेर से पद्मश्री अजय मंडावी को भी सम्मानित किया गया। रायपुर से साहित्यकार शकुंतला तरार को उनकी हल्बी की प्रकाशित पुस्तक शकुंतला चो लेजा गीद जिसमें 101 हल्बी लेजा गीत और उसका 101 हिंदी अनुवाद है, के लिए सम्मानित किया गया। शकुंतला ने हिमाचल प्रदेश के शिमला में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में हल्बी और छत्तीसगढ़ी में रचना पाठ किया। साहित्य अकादमी दिल्ली के द्वारा आयोजित 157 भाषाओं के साथ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में हल्बी लेजा गीत का गायन कर बस्तर की इस भाषा को विश्व के समक्ष रख इतिहास बनाया।

कार्यक्रम को डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, ह्रस्ष (ह्रश्वक्क) उच्च शिक्षा विभाग, डॉ. जी. ए. घनश्याम, संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में माँ सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के बाद अतिथियों का स्वागत हुआ। धन्यवाद ज्ञापन - कुलसचिव, शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर ने किया। इस अवसर पर बस्तर संभाग के जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ और गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

# डॉ. ईला गुप्ता ने गठित की छत्तीसगढ़ चेम्बर की महिला टीम







**जतिन नचरानी**

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण और व्यापार-उद्योग में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए नई महिला टीम का गठन किया है। इस टीम में विभिन्न महिला सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जो चेंबर के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।




डॉ. गुप्ता ने कहा, यह नई टीम महिला चेंबर की गतिविधियों को गति देगी और महिला उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित करेगी। मुझे विश्वास है कि इन प्रतिभाशाली सदस्यों के साथ हम व्यापार जगत में महिलाओं की उपस्थिति को और सशक्त करेंगे। नई टीम का उद्देश्य चेंबर की गतिविधियों का विस्तार, नवीन योजनाओं का कार्यान्वयन और महिला सदस्यों के बीच सहयोग व नेटवर्किंग को बढ़ावा देना है। चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने कहा कि यह महिला टीम छत्तीसगढ़ का नाम पूरे भारत में रोशन करेगी। जसप्रीत सिंह सलूजा ने महिलाओं की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि वे हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं और चेंबर में उनका स्वागत है।

इस अवसर पर राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, लोकेश चंद्रकांत जैन, राजेंद्र पारख, डॉ. ईला गुप्ता, मनीषा तारवानी, नम्रता अग्रवाल, मनीषा सिंह, मंजूषा परियल, इंदिरा जैन, सुनीता पाठक, अंजली देशपांडे, रीना जोतवानी, गीतू राठौड़, नीतू नानवानी, शीलम झूनझूनवाला, इंजी. रश्मि वाधवा, सुमन मुथा, गायत्री केशरवानी, जेश केशरवानी, स्वपनिल मिश्रा, ऐश्वर्या तिवारी, सोमा घोष, सविता गुप्ता, डॉ. शिल्पा दुबे, स्वाति सोनी, डिम्पल खट्टर, मनीषा अग्रवाल, हेमल शाह, प्रीति दाश, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, हर्षिका रूपाली शर्मा, ऋचा ठाकुर, स्वाति पंडा और हर्षिता शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। यह पहल छत्तीसगढ़ की महिला उद्यमियों को सशक्त मंच प्रदान करने और उद्यमिता विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444